Tni आवाज़

# राजस्थान की राजनीति

E-mail: tniawaz.news@gmail.com | आपकी आवाज के साथ.... | RAJHIN/2012/43137

HP NEWS हिन्दुस्तान की आवाज

हिन्दुस्तान पत्रिका HINDUSTAN KI AWAZ

जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, टोंक, अजमेर, भरतपुर, धौलपुर, बीकानेर, कोटा, सवाईमाधोपुर से प्रसारित

www.hpnews.in/www.tniawaaz.in | जयपुर, मंगलवार 23 अप्रैल, 2024 | वर्षः 2 | अंकः 178 | पृष्ठः 8 | मूल्यः 2.00 रू.

## डोटासरा बोले- इस बार सीपी की पीपी बजानी है, दम होता तो सीएम बनते, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का पलटवार- पद के झगड़े केवल कांग्रेस में



**उदयपुर**

पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी में अगर दम होता तो मुख्यमंत्री उन्हें बनाया जाता, भजनलाल शर्मा को नहीं। लेकिन, सीपी जोशी में कोई दम नहीं है। इसलिए न तो उन्हें मंत्री की जगह मिली और न ही मुख्यमंत्री की। कैबिनेट में भी उनको जगह नहीं दी गई। उन्होंने कहा- 26 अप्रैल को चुनाव में इतनी मेहनत करनी है कि सीपी जी की पीपी बजानी है। मोरिया बुला दो। डोटासरा ने यह बात निंबाहेड़ा में रविवार को जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

### जांच करवा लो, जो पेपर चोर हैं उनको पकड़ लो

चित्तौड़गढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी उदयलाल आंजना के समर्थन में निंबाहेड़ा में सभा में डोटासरा ने कहा था- लक्ष्मणगढ़ में आकर पेपर चोर-पेपर चोर के नाम से चिल्ला रहे हैं। मेरा यह कहना है कि जांच करवा लो और जो पेपर चोर हैं, उनको पकड़ लो। लेकिन, चुनाव के लिए इस तरह की गलत बयानबाजी नहीं करनी चाहिए। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर निर्विरोध भाजपा की जीत पर सीपी जोशी ने कहा- कांग्रेस पार्टी के मुखिया राहुल गांधी खुद ही असुरिक्षत मानकर अमेठी से वायनाड भाग जाएं। राजस्थान में पकड़-पकड़ कर टिकट देना पड़े और उसके बाद भी लेने से मना कर दें, कांग्रेस की ये हालत सबके सामने है।

### कोई भी जिम्मेदारी छोटी या बड़ी नहीं

उदयपुर के वल्लभनगर विधानसभा क्षेत्र के बंबोरा गांव में सभा के बाद सीपी जोशी ने डोटासरा के बयान पर मीडिया से कहा- इसका जवाब तो चार जून को जनता देगी। भाजपा में कार्यकर्ता सबसे बड़ा होता है। मेरे जैसे सामान्य कार्यकर्ता को भाजपा ने प्रदेशाध्यक्ष का दायित्व दिया, यह मेरे लिए अपने आप में गर्व की बात है। उन्होंने कहा- कोई भी दायित्व छोटा हो या बड़ा, हम लोगों को जो भी जिम्मेदारी मिलती है। उसका ईमानदारी से निर्वहन करते हैं। ये कांग्रेस में होता होगा कि ये बना दिया, वो बना दिया, उसको क्यों बना दिया और इनको क्यों बना दिया। ये झगड़ा भाजपा में नहीं है।

# चुनाव राजनीतिक कार्यकर्ताओं की मुख्य परीक्षा, अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के लिए काम करें: सीएम

**अजमेर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के लिए काम करती है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि उन्हें जनता का विश्वास जीतना है तथा जनता में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी है। चुनाव राजनैतिक कार्यकर्ताओं की सबसे बड़ी परीक्षा होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा में कोई भी मैसेज 15 मिनट में हर स्तर के कार्यकर्ता तक पहुंच जाता है और उस पर कार्रवाई भी शुरू हो जाती है। ऐसा सिस्टम केवल भाजपा के पास ही है। सीएम सोमवार को लोकसभा चुनाव के रण में मार्बल एसोसिएशन, किशनगढ़ के सभागार में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 के बाद राजनैतिक दलों और राजनेताओं की तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार और लूट-झूठ की राजनीति को बदलने पर मजबूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सिर्फ गरीबी हटाओ का नारा देती थी, जबकि गरीब कल्याण से उनका कोई सरोकार नहीं है। प्रधानमंत्री जी ने देश के विकास के साथ गरीब कल्याण एवं सीमा सुरक्षा सहित हर क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। मोदी जी ने वर्ष 2014 और वर्ष 2019 में किए वादों को पूरा किया है।

### पूर्वी राजस्थान के 21 जिलों में पानी पहुंचाने का काम कर रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ईआरसीपी के द्वारा पूर्वी राजस्थान के 21 जिलों में पानी पहुंचाने का काम कर रही है। ईआरसीपी के माध्यम से इन जिलों में पेयजल के साथ 2 लाख 80 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई भी होगी। गत कांग्रेस सरकार द्वारा ईआरसीपी पर अटकाने, लटकाने तथा भटकाने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार, हरियाणा सरकार और राजस्थान सरकार द्वारा 30 साल से लंबित ऐतिहासिक यमुना जल समझौता किया गया। इसके माध्यम से राजस्थान को अपने हिस्से का पूरा पानी मिलेगा।





### पेपर लीक में सआईटी का गठन किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि पेपरलीक को रोकने के लिए हमारी सरकार के गठन के तुरंत बाद ही एसआईटी का गठन किया गया तथा एसआईटी ने इन प्रकरणों पर त्वरित कार्रवाई कर 97 लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि राज्य संविधान से चलता है तथा ऐसी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वाले बड़े से बड़े व्यक्ति को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि गैंगवार सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए सरकार द्वारा एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले राजस्थान में पेट्रोल तथा डीजल की दरें हर जिले में अलग-अलग थी। इससे आमजन को काफी समस्या का सामना करना पड़ता था। हमने पेट्रोल-डीजल के दामों में कमी की तथा राज्य में पेट्रोल-डीजल की दरों में विसंगति को दूर कर जनता से किए वादे को पूरा किया है।

### ईआरसीपी के मुद्दे पर गहलोत पर साधा निशाना

उन्होंने कहा कि जब-जब बीजेपी की केंद्र और राज्य में सरकार आई, तब-तब समाज को सम्मान देने का काम किया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास और सबके प्रयास के साथ काम किया है। मुख्यमंत्री ने ईआरसीपी के मुद्दे पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर भी निशाना साधा। हमारे विरोधी लोग रोजाना कहते थे, सीएम तो दिल्ली जाते हैं, दिल्ली जाते हैं, अरे तो तुम्हारे पास क्या है, दिल्ली जाता है तो कुछ न कुछ लेकर आता है। ईआरसीपी को लेकर नेतागिरी और राजनीति कर रहे है। अशोक गहलोत रोजाना ईआरसीपी को लेकर बजट, विधानसभा में भी बोल रहे हैं। तुमने क्या किया यह तो बता दो? मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी अपनी सरकार को पत्र लिखा लेकिन उन्होंने उल्टा पत्र लिख दिया। कांग्रेस के लोगों ने लिख दिया। हम सहमत नहीं है और हम करना नहीं चाहते हैं और वह कोर्ट में भी चले गए। कमलनाथ कोर्ट में चले गए। उन्होंने कहा कि अरे गहलोत साहब कोर्ट में चले गए, पत्र लिख दिया फिर भी लोगों को बहका रहे हैं। तुम्हारे भाई से तो पूछ लेते कि वह कहां जा रहा है कोर्ट में। लेकिन हमारी सरकार बनते ही एक महीने के अंदर ईआरसीपी को लेकर सहमति हो गई और इसी को कम कहते हैं। इसके बाद सीएम अजमेर से बूंदी के लिए रवाना हो गए।

### *45 प्रतिशत वादे पूर्ण कर दिए*

*सीएम ने कहा कि किसान सम्मान निधि की राशि 6 हजार से बढ़ाकर 8 हजार रुपये, सामाजिक सुरक्षा पेंशन में 150 रुपये की बढ़ोतरी कर 1150 रुपये करने, जनप्रतिनिधि का भत्ता बढ़ाने जैसे निर्णय हमारी सरकार ने लिए हैं। उन्होंने कहा कि हमने सरकार बनने के केवल 90 दिनों में ही संकल्प पत्र में किए 45 प्रतिशत वादे पूर्ण कर दिए हैं। हम संकल्प पत्र में किए गए प्रत्येक वादे को पूरा करेंगे। शर्मा ने कहा कि वर्ष 2014, 2019 की तरह इस बार भी राजस्थान में भाजपा 25 लोकसभा सीटें जीतेगी। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जनता के बीच जाएं, हर बूथ पर कमल का फूल खिलाएं तथा अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें।*

## जम्मू-कश्मीर के राजोरी में आतंकी हमला, दहशतगर्दों ने सरकारी अफसर को मारी गोली

**जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के राजोरी में सोमवार रात आतंकी हमले की खबर है। जानकारी के मुताबिक आतंकियों ने एक शख्स को गोली मार दी। घटना को अंजाम देकर दहशतगर्द मौके से फरार हो गए हैं। पीड़ित को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलते ही मौके पर सुरक्षाबलों की टीम पहुंच गई है और आतंकियों को पकड़ने के लिए पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है। बताया जा रहा है कि आतंकियों मृतक को नजदीक से गोली मारी थी। मृतक की पहचान मोहम्मद रज्जाक के तौर पर हुई है। पुलिस ने बताया कि मृतक समाज कल्याण विभाग में जूनियर असिस्टेंट के पद पर तैनात था और राजोरी मे तैनात था। इससे पहले 17 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग आतंकियों ने कायराना हरकत की थी। जिसमें आतंकियों ने बिहार के युवक की ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या कर दी थी। लक्षित हत्या की यह वारदात लोकसभा चुनाव के बीच जबलीपोरा इलाके में हुई थी। युवक राजू शाह जबलीपोरा में परिवार के साथ किराए पर रहता था और पकौड़े की रेहड़ी लगाता था। कश्मीर में आतंकी लक्षित हत्या के तहत लगातार गैर कश्मीरियों को निशाना बना रहे हैं। अनंतनाग में बिहार निवासी राजू की हत्या इस साल का गैर कश्मीरियों पर तीसरा हमला है।

## गहलोत राज में शुरू हुआ इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण, एडहॉक कमेटी ने उठाए गुणवत्ता पर सवाल

**जयपुर**

राजस्थान में पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के कार्यकाल के दौरान दिल्ली बाईपास पर चौंप गांव के पास 100 एकड़ जमीन पर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण शुरू हुआ था। अपने बेटे वैभव गहलोत के आरसीए अध्यक्ष रहते पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम का शिलान्यास भी किया था। अब प्रदेश में सरकार बदलने के बाद स्टेडियम के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल करने और अनियमितता बरतने के आरोप लगे हैं। मौजूदा सरकार में राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन को भंग कर दिया गया था और एडहॉक कमेटी का गठन किया गया था। एडहॉक कमेटी के संयोजक जयदीप बिहानी के नेतृत्व में सदस्यों की टीम ने निर्माणाधीन स्टेडियम का दौरा किया। दौरे के दौरान भारी अनियमितताएं और लापरवाही पाई गई थी। कुछ दिनों पहले आरसीए एडहॉक कमेटी के सदस्यों ने चौंप गांव के पास बन रहे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का दौरा किया था।

## चुनावी मौसम में वित्तीय लेन-देन पर रखी जा रही कड़ी नजर, पेटीएम-फोनपे को आरबीआई ने किया सतर्क

**नई दिल्ली।**

चुनावी मौसम में सरकारी एजेंसियां जहां लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व को सही तरह से समापन कराने में जुटे हैं वहीं वित्तीय लेन-देन की भी जबरदस्त तरीके से निगरानी की जा रही है। सरकारी या निजी क्षेत्र के बैंकों के स्तर पर संदेहास्पद वित्तीय लेन-देन की जानकारी जुटाने और उनकी सूचना संबंधित एजेंसियों को देने का काम पहले से भी ज्यादा मुस्तैदी से चल रहा है। साथ ही आरबीआइ के निर्देश पर वित्तीय लेन देन में मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाले प्रौद्योगिकी प्लेटफार्मों से भी हर तरह की सूचनाएं जुटाई जा रही हैं। आरबीआइ के ताजे निर्देश के बाद रेजरपे, कैशफ्री, इंफीबीम जैसी पेमेंट गेटवे कंपनियां, पेटीएम, मोबीक्विक, गूगलपे, फोनपे जैसे पेमेंट एप और वीजा, मास्टरकार्ड, रूपे जैसी कार्ड नेटवर्क की सुविधा देने वाली कंपनियों से सूचनाएं ली जा रही हैं। आरबीआइ ने पिछले दिनों देश में कार्यरत पेमेंट सिस्टम आपरेटर्स (पीएसओ) को एक पत्र लिख कर उनसे चुनावी मौसम में




संदिग्ध लेन-देन की निगरानी करने और ज्यादा राशि के लेन-देन को लेकर सतर्क रहने को कहा गया है। निजी क्षेत्र की इन एजेंसियों को यह भी कहा गया है कि वह आरबीआइ के पहले से निर्धारित नियमों के मुताबिक केंद्रीय स्तर पर सूचनाओं को साझा करते रहें। दरअसल, आरबीआइ के मौजूदा नियमों के मुताबिक हर बैंक शाखा को संदिग्ध वित्तीय लेन-देन की सूचना निश्चित अंतरराल पर शीर्ष स्तर पर साझा करनी है। आरबीआइ की तरफ से लिखे गये पत्र के बारे में बैंकिंग सेक्टर के सूत्रों का कहना है कि यह भारत में फिनटेक क्रांति के पूरी तरह से चरम पर पहुंचने के बाद पहला आम चुनाव है। वर्ष 2019 में भी फिनटेक क्रांति इतनी चरम नहीं थी और पेमेंट गेटवे की सुविधा देने वाली दर्जनों कंपनियां भी तब नहीं थी या जो थी उनका विस्तार काफी सीमित था। ऐसे में आरबीआइ की यह चिंता जायज है क्योंकि पहले सिर्फ बैंकिंग चैनल के जरिए ही वित्तीय लेन-देन का मामला होता था और किसी भी तरह की वित्तीय गड़बड़ियों की निगरानी का काम बैंक शाखाओं के स्तर पर हो सकता था। अब कई विकल्प हैं। इसलिए ज्यादा सतर्कता जरूरी है।चुनाव आयोग का डाटा कहता है कि 01 मार्च से 13 अप्रैल, 2024 के बीच कुल 4650 करोड़ रुपये के मूल्य के नकदी, उपहार, मादक द्रव्य या दूसरी गैरकानूनी वस्तुएं पकड़ी गई हैं। इसमें 395 करोड़ रुपये नकदी है जो विभिन्न वित्तीय एजेंसियों की सूचनओं पर जांच एजेंसियों ने जब्त किये हैं। दरअसलस, आरबीआइ के स्तर पर उक्त पत्र चुनाव आयोग के कहने पर ही लिखा गया है। चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और चुनाव से कालेधन के इस्तेमाल को रोकने के लिए चुनाव आयोग ने आरबीआइ का सहयोग मांगा है।

## रोड शो के दौरान सीएम की गाड़ी का रेडिएटर फटा, अफरा-तफरी मची, सुरक्षाकर्मियों ने तत्काल नीचे उतारा

**बूंदी**

बूंदी में रोड शो के दौरान सीएम भजनलाल शर्मा की गाड़ी का रेडिएटर फट गया। इस दौरान गाड़ी में सीएम के साथ डिप्टी सीएम दीया कुमारी और भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला भी सवार थे। अचानक हुए हादसे से अफरा-तफरी मच गई। सुरक्षा कर्मियों ने तत्काल तीनों को नीचे उतारा। इसके बाद सीएम सहित अन्य नेता पैदल ही सभा स्थल तक गए। सीएम भजन लाल शर्मा, डिप्टी सीएम दीया कुमारी और भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला ने सोमवार शाम भूरा गणेश मंदिर पर पूजा-अर्चना कर रोड शो की शुरुआत की। इसके बाद उनका काफिला अहिंसा सर्किल, इंदिरा मार्केट, नागर सागर कुंड, कोटा रोड, एक खंभे की छतरी, देवली रोड होता हुआ आजाद पार्क स्थित सभा स्थल की ओर जा रहा था। सभा स्थल से 100 मीटर पहले ही सीएम, डिप्टी सीएम और भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला जिस गाड़ी पर सवार थे उसका रेडिएटर फट गया। अचानक धमाका होने से रोड शो में अफरा-तफरी मच गई। सीएम सिक्योरिटी मे लगे सुरक्षा कर्मियों ने तत्काल तीनों को वाहन से नीचे उतारा। इसके बाद सीएम और अन्य पैदल ही सभा स्थल आजाद पार्क तक पहुंचे। सभा को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि अबकी बार 400 पार का नारा पूरा होगा और केंद्र में तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में



भाजपा की सरकार बनेगी। डबल इंजन की सरकार होने से देश के साथ-साथ राजस्थान का भी विकास होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने जो जनता से वादे किए थे, उन्होंने पूरे किए हैं। उन्होंने राम मंदिर, धारा 370 के साथ किसानों के लिए विकास की योजना का जिक्र किया। सीएम ने कहा कि मोदी जी की नीतियों के कारण ही आज किसान अनाज उत्पादन में देश में नंबर वन पर है। उन्होंने कहा- महिलाओं के लिए भी केंद्र सरकार ने योजनाएं बनाई, जिससे ग्रामीण सहित शहर की महिलाएं भी लाभान्वित हुई हैं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला के पक्ष में मतदान करने की अपील की। सभा को उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला ने भी संबोधित किया।

# दूसरे चरण में जहां चुनौती, वहां पीएम मोदी की सभा

### आज टोंक के उनियारा आएंगे

**जयपुर**

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को राजस्थान की 13 लोकसभा सीटों पर वोटिंग होगी। इनमें से पांच सीटों पर बीजेपी को विपक्ष से कड़ी टक्कर मिल रही है। इसलिए पीएम नरेंद्र मोदी के राजस्थान में लगातार दौरे हो रहे हैं। रविवार को पीएम मोदी की जालोर और बांसवाड़ा लोकसभा सीट पर सभा हुई थी। अब पीएम मोदी मंगलवार को टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा सीट पर जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी मंगलवार सुबह 9 बजे उनियारा (टोंक) में जनसभा को संबोधित करेंगे। जिन सीटों पर पार्टी को विपक्ष मजबूती से टक्कर दे



रहा है। उन सीटों को साधने के लिए पीएम मोदी को बुलाया जा रहा है। पहले चरण में भी पीएम मोदी ने चुनौती वाली सीटों को साधा था। अब दूसरे चरण में भी पीएम मोदी की उन सीटों पर आ रहे है। जहां पार्टी को विपक्ष से टक्कर मिल रही हैं।

### *पहले चरण में भी कमजोर सीटों पर आए थे मोदी*

*आचार संहिता लगने के बाद पीएम मोदी के राजस्थान में अब तक 8 दौरे हो चुके हैं। पहले चरण की वोटिंग से पहले पीएम मोदी के 6 दौरे हुए थे। पीएम मोदी ने आचार संहिता लगने के बाद पहली सभा 2 अप्रैल को कोटपूतली में की। उसके बाद मोदी की दूसरी सभा 5 अप्रैल को चूरू, तीसरी 6 अप्रैल को पुष्कर, 11 को करौली और 12 को बाड़मेर में सभा को संबोधित किया था। वहीं, इसी दिन दौसा में पीएम मोदी का रोड शो भी हुआ था। अपने इन 6 दौरों में पीएम मोदी ने पहले चरण की 6 सीटें जयपुर ग्रामीण, चूरू, झुंझुनूं, नागौर, करौली-धौलपुर और दौसा को साधा था। इन 6 सीटों पर बीजेपी और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर थी।*

### जालोर और टोंक-सवाईमाधोपुर में भी सीधी टक्कर

दूसरे चरण की जालोर और टोंक-सवाईमाधोपुर सीट पर भी कांग्रेस और बीजेपी में कड़ी टक्कर हैं। जालोर से बीजेपी ने लुंबाराम और कांग्रेस ने आरसीए के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को प्रत्याशी बनाया हैं। इस सीट से अशोक गहलोत की प्रतिष्ठा भी जुड़ी हुई हैं। वहीं, जातिगत समीकरण भी उनके पक्ष में है। ऐसे में इस सीट पर बीजेपी को कांग्रेस से कड़ी टक्कर मिल रही है। जालोर में 21 अप्रैल को पीएम मोदी की जनसभा हुई थी। इसी तरह से टोंक-सवाईमाधोपुर में बीजेपी ने दो बार के सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया का टिकट रिपीट किया है। वहीं, कांग्रेस ने देवली-उनियारा विधायक हरीश मीणा को मैदान में उतारा है। इस सीट पर टोंक विधानसभा से सचिन पायलट विधायक हैं। वहीं, हरीश मीणा भी उन्हीं के गुट के माने जाते हैं। ऐसे में इस सीट से पायलट की प्रतिष्ठा भी जुड़ जाती है। वहीं, जातिगत समीकरण भी यहां कांग्रेस के पक्ष में दिखाई देते हैं। टोंक-सवाईमाधोपुर में 23 अप्रैल को पीएम मोदी की जनसभा होगी।

### दूसरे चरण में भी कमजोर सीटों पर फोकस

दूसरे चरण की जिन 13 सीटों पर अभी चुनाव होना है। उनमें जोधपुर, बाड़मेर, पाली, जालौर, राजसमंद, अजमेर भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, बांसवाड़ा, टोंक-सवाईमाधोपुर, कोटा और झालावाड़ शामिल हैं। इन 13 में से 5 सीटों पर बीजेपी को कांग्रेस और उसके गठबंधन से सीधी टक्कर मिल रही हैं। ऐसे में पार्टी इन्ही सीटों पर पीएम मोदी की सभा करवा रही है। दूसरे चरण में आने वाली बाड़मेर लोकसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला बना हुआ हैं। यहां बीजेपी ने केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी को फिर से प्रत्याशी बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने आरएलपी से पार्टी में शामिल हुए उम्मेदाराम बेनीवाल को टिकट दिया हैं। वहीं, निर्दलीय प्रत्याशी रविन्द्र सिंह भाटी ने यहां मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। इसके अलावा बांसवाड़ा सीट पर बीजेपी ने पूर्व मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीय को टिकट दिया है। मालवीय टिकट मिलने से कुछ दिन पहले ही कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए थे। लेकिन कांग्रेस ने यह सीट बीएपी के साथ गठबंधन में छोड़ी है। यहां से बीएपी ने विधायक राजकुमार रोत को प्रत्याशी बनाया हैं। हालांकि इस सीट पर कांग्रेस के सिंबल पर अरविंद डामोर चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन पार्टी ने उन्हें 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया हैं। बाड़मेर में 12 अप्रैल और बांसवाड़ा में 21 अप्रैल को पीएम मोदी जनसभा को संबोधित कर चुके हैं।

# हनुमान जयंती पर आज भरेगा मुसलिया का मेला



राजस्थान की राजनीति

**सोजत रोड (ललित तिवारी)।** समीपवर्ती गांव मुसालिया में मंगलवार को हनुमान जयंती पर मेला भरेगा। पूर्व संध्या पर भजन संध्या आयोजित हुई। जिसमें कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां श्रोताओं को भोर तक बांधे रखा। मंगलवार को सुबह ध्वजारोहण के साथ पूजा अर्चना होगी। वही मेले में दुकानें व झूले सजकर तैयार है।

# सोजत रोड में भाजपा कार्यालय का हुआ उद्धघाटन



राजस्थान की राजनीति

**सोजत रोड (ललित तिवारी)।** पाली लोकसभा प्रत्याशी पी पी चौधरी के भाजपा कार्यालय का उद्घाटन सोजत विधायक शोभा चौहान व पूर्व काबिना मंत्री लक्ष्मी नारायण दवे के द्वारा मुख्य बाजार में किया गया । इस मौके पर सोजत विधायक शोभा चौहान ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी पीपी चौधरी को अधिक से अधिक भाजपा के पक्ष में मतदान करवाकर विजयी बनावे। पूर्व काबिना मंत्री दवे ने मोदी की नीतिया आमजन तक पहुँची है इसबार 400 पार होगी सीटे। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष दिलीप खाटेड,पंकज त्रिवेदी,भंवर लाल सेणचा, सम्पतराज मोदी, इन्द्रचन्द खाटेड,संजय त्रिवेदी,तुलसीराम बैरवा, ज्ञानचंद उपाध्याय, जयनारायण गहलोत,संजय सिंह, ओमप्रकाश मंडोरा, एडवोकेट जय सिंह सांखला, शिवचन्द दाधीच, कुंदन सिंह पंवार,खेतान सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 85 सीएमएम, सीजेएम व एसीजेएम के तबादले

# मांडवी राजवी जयपुर मेट्रो-।। की नई सीएमएम, पूनाराम गोदारा को डूंगरपुर भेजा




राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट प्रशासन ने सोमवार को एक आदेश जारी कर सीनियर सिविल जज कैडर में 85 सीएमएम, सीजेएम व एसीजेएम के ट्रांसफर किए हैं। इनमें जयपुर मेट्रो-द्वितीय के सीएमएम पद पर मांडवी राजवी को नियुक्त किया है, जबकि मौजूदा सीएमएम पूनाराम गोदारा का ट्रांसफर डूंगरपुर सीजेएम के पद पर किया है। मांडवी का ट्रांसफर जोधपुर मेट्रो से किया है। वहीं जयपुर जिला सीजेएम गुंजन गोयल को सवाई माधोपुर, इकॉनोमिक ऑफेंस कोर्ट जयपुर, एसीएमएम अर्चना गुप्ता को सीजेएम अलवर, एसीएमएम अरुण जांगिड़ को जयपुर से रतनगढ़ लगाया है। एसीएमएम जयपुर मेट्रो-द्वितीय सिद्धार्थ शंकर को निवाई टोंक, एसीएमएम जयपुर मेट्रो-प्रथम विकास गजराज को सुजानगढ़, सत्यप्रकाश वैरागी को रायपुर भीलवाड़ा, प्रेम गढ़वाल को वल्लभगढ़ उदयपुर, बृजेश कुमार को रेंट ट्रिब्यूनल से कुम्हेर भरतपुर, हिमानी चतुर्वेदी को सांगानेर जयपुर से बयाना भरतपुर, चेतन कुमार गोयल को जयपुर की जेडीए कोर्ट से सवाई माधोपुर, प्रदीप कुमावत को सांगानेर जयपुर से खेरवाड़ा, उदयपुर, मनोज कुमार निमोरिया को पीसीपीएनडीटी कोर्ट जयपुर से मंडावर अलवर व विकास कुमार स्वामी को रेनवाल जयपुर से लक्ष्मणगढ़ सीकर ट्रांसफर किया है।

## दिन में 2 डिग्री चढ़ा पारा

# शाम को झालावाड़ में ओले गिरे, जयपुर में बारिश से राहत; 26 अप्रैल को बारिश संभव

**जयपुर/झालावाड़।** प्रदेश में सोमवार को मौसम का मिजाज बदलता रहा। कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई तो कई स्थानों पर तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। झालावाड़ में ओले गिरे। इससे पहले दिन में तापमान 2-3 डिग्री तक बढ़ गया। शाम को जयपुर, गंगानगर, पिलानी और चूरू में हल्की बारिश से राहत मिली।

दूसरे दिन सभी शहरों का तापमान 40 डिग्री से नीचे बना रहा। सर्वाधिक तापमान बाड़मेर और धौलपुर में रहा। यहां अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अब मंगलवार से मौसम एक बार फिर बदलेगा। इसके बाद 26 अप्रैल से फिर बारिश के आसार हैं।

मौसम विभाग के अनुसार 23, 24 और 25 अप्रैल को मौसम सामान्य रहने के आसार है। 26 अप्रैल को बांसवाड़ा, बारां, डूंगरपुर, झालावाड़, प्रतापगढ, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ और गंगानगर में आंधी-बारिश हो सकती है।

# गर्मी ने दिखाये तेवर, पारा चढा 36 के पार

## कूलर, पंखे व शीतल पदार्थो की बिक्री में आया उछाल




राजस्थान की राजनीति

**कोटकासिम (चेतराम सैनी)।** गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिये है। हालांकी इस बार मौसम के बिगडते मिजाज से गर्मी का प्रभाव पिछले दिनो तक असर नही कर रहा था। आलम इस कदर बना हुआ है कि जैसे ही पारा चढ़ता है तो दूसरे ही दिन आसमान में बादलों के साथ अधड़ व बूंदा-बांदी हो जाने के कारण पारा फीर से नीचे लुढकता जाता है। लेकिन दो-तीन दिनो से लगातार गर्मी के तेवर बढते जा रहे है। गर्मी से बचने के लिए लोगो ने पंखे व कूलर का सहारा लेना शुरू कर दिया है। गर्मी के मौसम में लाजमी सी बात है की गर्मी ही महसूस की जायेगी। लेकिन सोमवार का दिन कुछ ज्यादा ही गर्म रहा। नगर पालिका क्षेत्र में पारा 36 डिग्री के पार पहुंच गया जो निरंतर बढता रहा। इसका कारण आसमान का साफ रहना है। पिछले दो दिनो से लगातार आसमान साफ होने के कारण तेज धूप निकलने से ऊमस से जनजीवन प्रभावित हुआ। इस जला देने वाली धूप से निजात पाने के लिए लोग छांव की तलाश कर रहे है। दिन में पडी जबरदस्त धूप का असर रात में भी देखा गया। गर्मी के बढने के साथ ही बाजार में ठंडे पेय पदार्थो की दुकानो पर भी भीड लगने लगी है। वहीं जगह-जगह गन्ने के रस और आइसक्रीम, कुल्फी, आदि की रेहडियो और स्टलो की संख्या बढने लगी है।

### नकाबपोश बनने लगे वाहन चालक

गर्मी की दस्तक के साथ ही दुपहिया वाहन चालक दोपहर के समय सूरज की तपिश से बचने के लिए नकाबपोश बनने लगे है। खासकर युवतियां पूरे मुंह ओर बालों को ढककर वाहन चलाने लगी है। हालांकि अभी इनकी रफ्तार गर्मी के एहसास पर निर्भर है। गर्मी का एहसास बढ़ने पर इनकी रफ्तार बढ़ जाती है।

### पहनावें में हुआ परिवर्तन

कुछ समय पहले तक गुलाबी सर्दी का एहसास बने रहने के कारण गर्म कपड़ों तक से निजात नहीं मिली थी। लेकिन मौसम बदलने के साथ ही अब लोग हल्के सूती कपड़े पहनने लगे है।

### मौसम के उतार चढ़ाव से कभी कम तो कभी तेज

गर्मी का अहसास बढ़ने के साथ ही लोग इससे निजात पाने के लिए जतन करते दिखाई देने लगे है। घरो व दुकानो में पंखे व कूलर लगाना शुरू हो गये है। हालांकी अभी इनकी रफ्तार गर्मी के एहसास पर निर्भर है। गर्मी बढने पर इनकी रफ्तार बढ जाती है तो गर्मी कम होने पर रफ्तार कम व बंद कर दी जाती है। गर्मी को देखते हुए बाजारो में पंखे, कूलर, फ्रिज, ऐसी की मांग बढने लगी है।

### बदला जायका

गर्मी की दस्तक के साथ ही लोगो का जायका भी बदल गया है। लोगो को ठंडे, फल, शीतल पेय पदार्थ, आईसक्रीम आदी भाने लगे है। जिसके चलते इनकी मांग लगातार बढ रही है तथा शहरो में जगह-जगह इनकी दुकाने लगने लगी है।

### उपचार से बचाव बेहतर

कोटकासिम सीएचसी प्रभारी डॉ0 हरिश जाखड़ ने बताया की गर्मी से बचने के लिए उपचार के बजाय बचाव जरूरी है। इसलिए गर्मी में शीतल द्रव्य पदार्थ और हल्के खाने-पीने का सेवन करना होता है। गर्मी में घर से कुछ खाकर व पीकर ही बाहर निकले, बासा भोजन न करे क्योकि इससे गर्मियो में शरीर की जठराग्नि मंद रहती है। इसलिए वह भारी भोजन पच नही पाता है और जरूरत से ज्यादा खाने पर उल्टी व दस्त जैसे रोगो की शिकायत हो सकती है। इसी प्रकार गर्मी से बचाव के लिए सूती, हल्के रंग व ढीले पकडे पहने, सिर व चेहरे को रूमाल व साफी से ढककर घर से निकला चाहिए। घर की बनी ठंडी चीजो का सेवन करना चाहिए। वही लोकी, ककडी, खीरा, तोरई, पालक, पुदीना, नींबू, तरबूज, आदि का सेवन अधिक करना चाहिए तथा व्यक्ति को दिन में कम से कम 2 से 3 लीटर पानी रोजाना पीना चाहिए।

# नगर पालिका का दर्जा मिलने के बाद भी दमकल से महरूम है क्षेत्र के लोग

## हर साल आगजनी की घटना होने पर होती है धन व जन की हानि



राजस्थान की राजनीति

**कोटकासिम (चेतराम सैनी)।** कोटकासिम उपखंड मुख्यालय को नगर पालिका का दर्जा तो बेशक मिल गया हो लेकिन आज भी सुविधाओ के नाम पर कोटकासिम के क्षेत्र के लोग वंचित चले आ रहे है। जिसके चलते लोगो को भारी परेशानियो का सामना करना पड रहा है। नगर पालिका का दर्जा मिलने के बावजूद भी उपखंड मुख्यालय पर दमकल केन्द्र नही खोला गया। आये दिन कोटकासिम क्षेत्र के आगजनी की घटना होने पर बहुत ज्यादा नुकसान का खामियाजा क्षेत्र को लोगो को भुगतना पड रहा है। इतना ही नहीं दमकल की मांग लगातार पिछले कईवर्षोसे स्थानीय जनप्रतिनिधियो एवं ग्रामीणो रा समय-समय पर मांग उठाई जा रही है। लेकिन सरकार द्वारा अभी तक उपखंड मुख्यालय के लिए दमकल की व्यवस्था नही की गई। क्षेत्र में किसी भी जगह आगजनी की घटना होने पर आग पर काबू पाने के लिए भिवाडी तथा खैरथल से दमकल मंगवाई जाती है या फिर अन्य क्षेत्रो का मुंह ताकना पडता है। गौरतलब है की उपखंड मुख्यालय पर नगर पालिका का दर्जा मिल गया है और वैसे भी उपखंड मुख्यालय के अधिनस्थ सबसे अधिक गांव व इतनी ही ढाणिया फैली हुईहै। क्षेत्र में पशुधन के लिए कच्चे छप्पर आदी बनाये गये है। जिसमें खासकर गर्मी के मौसम में आग लगने पर यहा दमकल बेहत जरूरी है। क्षेत्र में कही भी आगजनी की घटना होने पर प्रतिवर्ष धन व जन की हानि होना एक आम सी बात हो गई है। वहीं किसानो की फसलो में भी विद्युत ट्रांसफॉर्मरा व अन्य कारणो से आगजनी की घटना होने पर दमकल आने के इंतजार में फसले जलकर राख हो जाती है। नगर पालिका चेयरमैन महावीर आचार्य ने बताया की कोटकासिम को नगर पालिका का दर्जा तो दे दिया गया लेकिन नगर पालिका कार्यालय में अधिकारी व कर्मचारी मनमर्जी कर रहे है। ऐसे में नगर पालिका क्षेत्र के लोगो की कोई भी समस्या की समाधान नही हो रहा है। उन्होने कहा की उपखंड मुख्यालय पर दमकल का भाव होने के कारण क्षेत्र में आगजनी की घटना होने पर लोगो को भारी नुकसान का खामियाजा भुगतना पड रहा है। उन्होने बताया की इस विषय में कई बार मांग करने के बावजूद भी समस्या पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है।

# पेयजल समस्या ग्रस्त क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से पानी की उपलब्धता करें सुनिश्चितः शुक्ला

## जिला कलक्टर ने ली जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की बैठक



राजस्थान की राजनीति

**कोटकासिम (चेतराम सैनी)।** सोमवार को खैरथल-तिजारा जिला कलेक्टर डॉ0 आर्तिका शुक्ला ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता धर्मेन्द्र यादव एवं सभी ब्लॉकों के सहायक अभियंता मौजूद रहे। जिला कलक्टर ने टैंकरों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए व्यवस्था को ओर सुदृढ़ कर पेयजल समस्या ग्रस्त क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि विभाग द्वारा ग्रीष्म हेतु टैंकरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। जिसमें वर्तमान में पेयजल समस्याग्रस्त क्षेत्र शहर खैरथल एवं किशनगढ़बास में प्रतिदिन 15-20 टैंकर ट्रिप के माध्यम से पेजयल उपलब्ध करवाया जा रहा है। जिला कलक्टर शुक्ला ने बैठक में ग्रीष्म ऋतु में पानी की आपूर्ति को पूरा करने हेतु किए गए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पुराने, खराब पंप सेट एवं पैनल बदलने के निर्देश दिए। ताकि सुचारू रूप से पानी की सप्लाई की जा सके। उन्होंने पुरानी पाइप लाइन बदलने के कार्यों की समीक्षा कर जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने ने स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर शत प्रतिशत पेयजल कनेक्शन देने के निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि विभाग द्वारा पेयजल व्यवस्थाओं की प्रभावी मोनेटरिंग / समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसमें पेयजल समस्या की शिकायत कन्ट्रोल रूम नम्बर 0146 0-298 735 पर प्रातः 6 .00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक की जा सकती है। इसके अतिरिक्त पेयजल की किसी भी समस्या के वीडियो / फोटो द्वारा वाट्स-एप नम्बर 7374917525 पर भी शिकायत दर्ज की जा सकती है।

# सोजत पुलिस ने लूट के मामले का किया पर्दाफाशः पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार, 4 की तलाश जारी



राजस्थान की राजनीति

**सोजत (ललित तिवारी)।** सोजत पुलिस थाना क्षेत्र के चंडावल गांव के पास 4 दिन पूर्व दंपति के सोने के आभूषण लूटने के मामला का पुलिस ने खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने दो शातिर लुटेरों व नकबजनों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि चार की तलाश जारी है। लुटेरों से माल बरामदी के प्रयास शुरू किए गए हैं। सोजत पुलिस उप अधीक्षक देरावरसिंह सोढ़ा ने बताया कि पुलिस वृत के सोजत व सिरीयारी की थाना क्षेत्र में दो लूट की बड़ी वारदातों के बाद, पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कड़ी मेहनत के जरिए लुटेरों के संभावित मार्गो के रूट को देखते हुए, रास्ते के सीसीटीवी कैमरे खंगाले। दोनों लूट के लिए सोजत सीआई कपूराराम चौधरी तथा सिरीयारी थाना अधिकारी गीतासिंह चौधरी के निर्देशन में दो टीमों का गठन किया गया। जांच के दौरान पुराने मामलों की पड़ताल की गई। जिसमें सामने आया कि शातिर नकबजन मुकेश बावरी निवासी जैतारण और सांवरराम बावरी निवासी जैतारण और उनके साथी वारदात में शामिल हैं। जिस पर टीम का गठन कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों वारदातें अपने साथियों के साथ करना स्वीकार किया। इस पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर अन्य साथी पटेलिया बावरी, सवाईराम बावरी, अशोक बावरी और मनोहर बावरी की तलाश शुरू की है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि इस गैंग ने जैतारण तथा मेड़ता में भी ऐसी वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी मुकेश के विरुद्ध पहले से 6 प्रकरण चोरी व लूट के दर्ज हैं। वहीं सांवरराम के खिलाफ लूट, नकबजनी, चोरी हत्या व बलात्कार जैसे 16 मामले दर्ज हैं।

## पुलिस की कार्रवाई

# भीख मंगवाने के लिए घर के बाहर खेल रहे पांच वर्षीय बालक का किया था अपहरण, दो गिरफ्तार



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** भीख मंगवाने के लिए घर के बाहर खेल रहे पांच वर्षीय बालक रोहन का 20 अप्रैल को अपहरण किया था। विद्याधर नगर पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के 200 सीसीटीवी कैमरों को खंगाल कर सोमवार को दोनों अपहरण करने वाले बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। एडिशनल कमिश्नर कैलाश विश्नोई ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रामोतार निवासी मण्डावरा-फागी और कालूराम निवासी आनंद लोक, टाटियावास चौमूं का है। दोनों रिश्तेदार हैं। डीसीपी (नोर्थ) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि दोनों बदमाश अम्बाबाड़ी में रहने वाले बालक का अपहरण कर ले गए थे। उस समय बालक के माता-पिता काम पर बाहर गए हुए थे। मामला दर्ज होने के बाद थानाधिकारी राकेश ख्यालिया के नेतृत्व में टीम का गठन किया। टीम ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तब आरोपी रामोतार बालक को अपने साथ ले जाता हुआ नजर आया। रामोतार की पहचान नहीं हुई तो अपहरण से पहले के फुटेज खंगाले। उनमें रामोतार के साथ कालूराम नजर आया। कालूराम को पकड़कर पूछताछ की तो उसने बच्चे को रामोतार के पास होना बताया। पुलिस टीम फागी में रामोतार के पास पहुंची। बालक उसके पास मिला। बालक को दस्तायब कर रामोतार को पकड़ लिया। रामोतार पूर्व में चोरी के आरोप में गिरफ्तार हो चुका है। इधर, कालूराम से पूछताछ में सामने आया कि बालक से भीख से आने वाली रकम में से रामोतार उसे कुछ हिस्सा देता। पुलिस ने जब रोहन को मां-बाप को सौपा तो वह मां से लिपट गया।

### लोगों को खुद का बेटा बताया

एडिशनल एसपी बजरंग सिंह ने बताया कि बालक के अपहरण के बाद फागी में रामोतार उसे घर के पास चाय की थड़ी पर ले गया। वहां पर लोगों ने बालक के बारे में पूछा तो खुद का बेटा होना बताया। थड़ी पर बैठे लोगों को बालक की भाषा समझ में नहीं आई तो उसे मंदबुद्धि होना बताकर बच्चे को लेकर चला गया।

### बच्चे को अकेला देख रची साजिश

थाना प्रभारी ख्यालिया ने बताया कि आरोपी कालूराम चौमूं पुलिया और अम्बाबाड़ी स्थित सुलभ कॉम्प्लेक्स में साफ-सफाई करता है। अम्बाबाड़ी वाले कॉम्प्लेक्स के पास बालक रहता था। गत शनिवार को रामोतार कालूराम से मिलने अम्बाबाड़ी आया था। यहां उसने बालक को अकेला देखा तो भीख मंगवाने के लिए अपहरण की साजिश रची। अपहरण से पहले कालूराम चौमूं पुलिया जाकर बैठ गया। तभी रामोतार बालक को अपने साथ लेकर उसके पास पहुंच गया। यहां से दोनों अपने घर चले गए।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा ने फिर लगाए ठुमके, आंजना को पकड़कर करवाया डांस, टीकाराम जूली भी झूमे

**चित्तौड़गढ़**

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने एक बार फिर जमकर डांस किया है। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और कांग्रेस प्रत्याशी उदयलाल आंजना समेत अन्य नेताओं ने भी ठुमके लगाए। डोटासरा ने आंजना को पकड़कर साथ डांस करवाया। दरअसल चित्तौड़गढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी उदयलाल आंजना के समर्थन में डोटासरा ने रविवार को निंबाहेड़ा में आमसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मंच पर 'तेजल' गाने पर एक बार फिर ठुमके लगाए। यह देखकर मंच पर मौजूद अन्य नेता भी नाचने लगे। आंजना के समर्थन में प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष जूली की आमसभा का आयोजन किया गया। डोटासरा ने कहा कि मेरी गारंटी है, इस बार देश में इंडिया गठबंधन की जीत होगी। इसके बाद आपके लालों का लाल उदयलाल भागीदार बनकर दिल्ली में राज करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह चुनाव इस बार लोकतंत्र को बचाने, किसान आंदोलन में शहीद हुए किसानों के शहादत का बदला लेने के लिए लड़ा जा रहा है। आंजना को सपोर्ट करने के लिए रविवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष जूली चित्तौड़गढ़ के निंबाहेड़ा पहुंचे। यहां उन्होंने रोड शो किया और



उसके बाद एक जनसभा का आयोजन हुआ। नगर के बस स्टैंड पर आयोजित आमसभा में काफी संख्या में लोग एकत्रित हुए। सभा में डोटासरा ने कहा कि 19 अप्रैल को 12 सीटों पर हुए मतदान में बीजेपी की बैंड बज गई है। बीजेपी को भी पता चल गया है कि गंगानगर से अलवर तक उनकी हार हो रही है। डोटासरा ने कहा कि 26 अप्रैल को चुनाव में इतनी मेहनत करनी है कि सीपी की पीपी बजानी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी में अगर दम होता तो मुख्यमंत्री उन्हें बनाया जाता, भजनलाल शर्मा को नहीं। लेकिन सीपी जोशी में कोई दम नहीं है। इसलिए ना तो उन्हें मंत्री की जगह मिली और ना ही मुख्यमंत्री की। कैबिनेट में भी उनको जगह नहीं दी गई। लक्ष्मणगढ़ में आकर पेपर चोर-पेपर चोर के नाम से चिल्ला रहे हैं, लेकिन मेरा यह कहना है कि जांच करवा लो और जो पेपर चोर है उनको पकड़ लो। लेकिन चुनाव के लिए इस तरह की गलत बयानबाजी नहीं करनी चाहिए।

### डोटासरा ने जमकर लगाए ठुमके

प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा ने कहा कि इस बार देश में इंडिया गठबंधन की ही जीत होगी। इसके बाद उदयलाल आंजना भागीदार बनकर दिल्ली में राज करेगा। इसके बाद डोटासरा ने उदयलाल आंजना के साथ और अन्य कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जमकर ठुमके लगाए। इस दौरान सभा में मौजूद लोग भी उनके साथ झूमने लगे।


### मंशा ठीक नहीं है भाजपा की

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि भाजपा की मंशा ठीक नहीं है। वह संविधान को बदलना चाहते हैं, लेकिन हम उससे पहले भाजपा की सरकार ही बदल देंगे। अगर इस बार भी भाजपा की सरकार बनती है तो लोकतंत्र की हत्या हो जाएगी और फिर शायद कोई चुनाव ही ना हो, सिर्फ तानाशाही सरकार ही चलती रहेगी वहीं, उदयलाल आंजना ने अपने संबोधन में पूर्व कैबिनेट मंत्री और पूर्व चित्तौड़गढ़ सांसद जसवंत सिंह की खूब जमकर तारिफ की। उन्होंने कहा कि सब मुझसे कहते हैं कि मैं बार-बार जसवंत सिंह का नाम क्यों लेता हूं। मैं उनका नाम बार-बार इसलिए लेता हूं क्योंकि वह मेरे आदरणीय थे। उनसे बढ़िया कोई राजनेता नहीं था। इसमें कोई दो राय नहीं है। वह मुझसे चुनाव हारे थे लेकिन जब मंत्रिमंडल बना तो बिना उनके संसद में गए उन्हें मंत्री बना दिया गया। उनका कद इतना ऊंचा था। वह एक महान आदमी थे, जो आज हमारे बीच में नहीं है। जब मैं उनको हरा सकता हूं तो सीपी जोशी को भी हरा सकता हूं। सब कहते हैं कि सीपी जोशी 10 सालों से यहां सांसद है, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष लेकिन मैं भी यह कहना चाहता हूं कि मैं भी सांसद रहा, विधायक रहा और राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री रहा तो मेरा कद भी कोई छोटा नहीं है। आंजना ने यह भी कहा कि मैं लोकसभा चुनाव इसलिए लड़ रहा हूं क्योंकि विधानसभा चुनाव की तुष्टि निकालनी थी। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि लोगों में जो उत्साह देखने को मिल रहा है। यह 26 तारीख शाम के 6 बजे तक रहना चाहिए।

## बजरंगी भाईजान देखकर पाक में घुसने जा रहा युवक पकड़ाया

**जैसलमेर**

जैसलमेर से बॉर्डर पार कर पाकिस्तान के रास्ते हज करने जा रहे हैदराबाद के एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। युवक ने बताया कि वह सरहद पर BSF के जवानों से रिक्वेस्ट करता और सीमा पार चला जाता। यह आइडिया उसको बजरंगी भाईजान फिल्म देखकर आया। शहर कोतवाल सवाई सिंह ने बताया कि युवक सैयद मजीद पुत्र सैयद जहांगीर, निवासी किंग कोठी हैदराबाद को जैसलमेर शहर से 10 किमी दूर मूल सागर गांव में रविवार सुबह ग्रामीणों ने पकड़ा। इसके बाद उसे पुलिस को सौंप दिया। जांच करने पर उसके पास से पासपोर्ट और आधार



कार्ड मिला है, लेकिन वीजा नहीं था। मजीद के पास से कुछ भी संदिग्ध सामान या दस्तावेज बरामद नहीं हुआ है। मजीद ने बताया कि वो हज करने के लिए पैदल सरहद पार कर पाकिस्तान के रास्ते से जाना चाहता था। उसके पास वीजा नहीं था। उसने यूट्यूब से 'बजरंगी भाईजान' फिल्म देखकर बॉर्डर पर परमिशन लेकर हज पैदल जाने का विचार किया था। मजीद आगे कोई अपराध नहीं करे, इसलिए धारा-151 में पुलिस ने उसे पकड़ा। इसके बाद सोमवार को उसे एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे छोड़ दिया गया। कोर्ट ने उसे घर भेजने के आदेश दिए। अब पुलिस उसे हैदराबाद स्थित घर भेजने की तैयारी कर रही है। शहर कोतवाल सवाई सिंह ने बताया कि मजीद यूट्यूब देखकर पैदल हज जाना चाहता था। उसे पाकिस्तान के रास्ते हज करने का रास्ता सूझा। वो 16 अप्रैल को हैदराबाद से रवाना हुआ। ट्रेन से जयपुर और फिर जयपुर से जैसलमेर पहुंचा। जैसलमेर आकर रविवार 21 अप्रैल को रेलवे स्टेशन पर ही सोया और वहीं से पैदल बॉर्डर की तरफ जाने लगा। हालांकि उसके पास वीजा नहीं था। शहर से करीब 10 किमी दूर उसे पैदल जाता देख लोगों ने उसे रोक कर पूछा तो उसने बताया कि वो बॉर्डर पार कर हज करने जा रहा है। ऐसे में संदिग्ध लगने पर लोगों ने उसे पुलिस को सौंप दिया।

## बेटे के लिए गहलोत कर रहे डोर-टू-डोर प्रचार, वैभव का चुनावी घोषणा पत्र देकर लोगों से मांग रहे समर्थन



**जालोर**

जालोर-सिरोही लोकसभा सीट पर बेटे वैभव के प्रचार में पिता अशोक गहलोत ने पूरी ताकत झोंक दी है। पूर्व सीएम गहलोत ने सोमवार को जालोर में आधे घंटे तक डोर-टू-डोर प्रचार किया। इस दौरान उनके हाथ में कांग्रेस प्रत्याशी बेटे वैभव गहलोत का चुनावी घोषणा पत्र तरक्की एक्सप्रेस का पर्चा था। उन्होंने पर्चे वितरित कर बेटे को समर्थन और वोट देने की अपील की। प्रचार के दौरान गहलोत ने टैक्सी में बैठी सवारियों से आने-जाने के किराए की जानकारी भी ली। लोकसभा चुनाव को लेकर जालोर लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी लुंबाराम व कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत चुनावी मैदान में हैं। दोनों के समर्थन में बड़े नेता जालोर सिरोही का रुख कर रहे हैं। पूर्व सीएम सोमवार सुबह 11 बजे बेटे का प्रचार करने सड़क पर उतरे। गहलोत ने बागोड़ा रोड पर दुकानों, सब्जी के ठेलों, टैक्सी वालों व राहगीरों को प्रचार का पर्चा थमाया। हालांकि यह प्रचार प्रसार कुछ गिनी-चुनी दुकानों और लोगों तक ही सीमित रहा। वे आधे घंटे तक घूमकर लोगों से मिले। इसके बाद कांग्रेस कार्यालय के लिए निकल गए।

## शराब के पैसे नहीं दिए तो मां का मर्डर किया, बेटे ने सिर पर लाठी मारी

**भीलवाड़ा**

शराब के पैसे नहीं देने पर गुस्साए बेटे ने मां के सिर पर लाठी मार दी। घायल महिला को इलाज के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां गंभीर हालत देखते हुए रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान बूढ़ी मां की मौत हो गई। मामला भीलवाड़ा जिले के करेड़ा थाना इलाके का है। करेड़ा थाना प्रभारी अर्जुन लाल गुर्जर ने बताया- थाना इलाके में रहने वाली सोहनी देवी (60) प%ी भेरूलाल नट 19 अप्रैल को अपने घर में काम कर रही थी। इस दौरान बेटा लक्ष्मण आया और शराब के लिए पैसे मांगे। सोहनी देवी ने पैसे देने इनकार कर दिया। गुस्साए लक्ष्मण ने मां के सिर पर लाठी से हमला किया और मौके से फरार हो गया। पड़ोसियों की मदद से छोटा बेटा दिनेश घायल मां को करेड़ा हॉस्पिटल ले गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे भीलवाड़ा के महात्मा गांधी हॉस्पिटल रेफर किया गया। यहां भी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ तो महाराणा प्रताप भोपाल हॉस्पिटल उदयपुर रेफर किया गया। इलाज के दौरान रविवार को सोहनी देवी ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव सौंप दिया। हत्या का मामला दर्ज करते हुए आरोपी बेटे की तलाश कर रही है। दिनेश ने बताया- लक्ष्मण शराब के पैसों के लिए आए दिन मां से झगड़ा करता था। एक दो बार पहले भी उसने मां से मारपीट की थी। शुक्रवार को जब मां ने उसे पैसे देने के लिए मना किया तो लक्ष्मण ने अपना आपा खो दिया।

## दोस्त के घर के बाहर से बाइक चोरी, शादी में आया था पीड़ित

**अजमेर**

अजमेर में एक दोस्त की शादी में गए युवक की बाइक चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने दोस्त के भाई व उसके दोस्तों पर बाइक चोरी का शक जताया है। अलवर गेट थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू कर दी है। चौहान नगर पालबिचला अजमेर निवासी ऋषी शर्मा पुत्र कृष्ण गोपाल शर्मा ने रिपोर्ट दी कि वह अपने दोस्त दीपेश की शादी



के कार्यकम व्यस्त था। दीपेश के घर के बाहर बुलेट मोटरसाइकिल खड़ी करके कार लेकर मान पैसेल विनय नगर पालबिचला अजमेर चला गया था। वहां पर रात को दीपेश के सगे भाई रोनित नरवाल व उसके दोस्त जय नरवाल, परवेश शर्मा से किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ और तब इन्होंने देख लेने की धमकी दी। शादी का पुरा काम करने के बाद वहां से लौटा। जब दीपेश के घर के बाहर गया तो वहां बुलेट नहीं मिली। दीपेश के सगे भाई रोनित नरवाल व उसके दोस्त जय नरवाल, परवेश शर्मा पर चोरी का शक है।

## उदयपुर में लॉ स्टूडेंट ने किया सुसाइड, दोस्त को मैसेज किया था- बाइक खराब है, मुझे सुबह लेने आ जाना

**उदयपुर**

उदयपुर में लॉ स्टूडेंट ने अपने कमरे में मफलर से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। स्टूडेंट ने अपने दोस्त को मैसेज कर सुबह बुलाया था। सोमवार सुबह 9 बजे जब दोस्त आया तो उसने उसे फंदे से झूलता देखा। दोस्त ने पुलिस को फोन किया और परिजन को सूचना दी। घटना उदयपुर के सूरजपोल थाना इलाके के शक्तिनगर की है। सूरजपोल थानाधिकारी सुनील कुमार ने बताया- आज सुबह भदेसर (चित्तौड़गढ़) निवासी सुशील राज माली (23) पिता धनराज माली के सुसाइड की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे तो देखा युवक फंदे से लटका हुआ था। सूचना पर युवक का परिवार भदेसर से उदयपुर पहुंचा। एमबी हॉस्पिटल में पोस्टमॉर्टम करवा कर शव परिजन को सौंप दिया। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। मौत के स्पष्ट कारणों को पता नहीं लगा है। जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, सुशील मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी में एलएलबी थर्ड ईयर का स्टूडेंट था। उसके एग्जाम चल रहे थे। मंगलवार को उसका पेपर होना था। उदयपुर डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के सीनियर वकील हर्षवर्धन जैन के यहां वह बीते 2 साल से वकालत का काम सीख रहा था। सुशील के पिता डाक विभाग में कर्मचारी हैं। मां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं। उदयपुर के एमबी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी के बाहर सुशील के परिजन। सुशील की मां का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

उदयपुर के एमबी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी के बाहर सुशील के परिजन। सुशील की मां का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। दोस्त को मैसेज कर सुबह आने को कहा था परिजनों के अनुसार, सुशील ने रविवार शाम 5 बजे तक वकील हर्षवर्धन जैन के ऑफिस में काम किया। काम के लिए




कुछ फाइल शक्तिनगर स्थित अपने किराए के कमरे पर भी ले गया था। सोमवार सुबह 4 बजे दोस्त उदयभान को मोबाइल फोन पर वॉट्सऐप मैसेज किया था कि मेरी बाइक खराब है। तुम सुबह कोर्ट जाओ तो मुझे भी साथ लेते हुए जाना। इसके एक घंटे पहले यानी 3 बजे उसने एक अन्य दोस्त को वॉट्सऐप मैसेज से बर्थडे विश भी किया था। सुबह करीब 9 बजे जब उदयभान सुशील के रूम के बाहर पहुंचा और उसे बाहर आने के लिए कॉल किया तो उसने कॉल अटेंड नहीं किया। उदयभान ने कई बार दरवाजा खटखटाया, लेकिन सुशील ने दरवाजा नहीं खोला। उदयभान ने कमरे की खिड़की को खोलकर देखा तो सुशील फंदे से लटका हुआ था। उदयभान ने कॉमन फ्रेंड्स और पुलिस को सूचना दी। ? सुशील के सीनियर और एडवोकेट अमित पालीवाल ने बताया- 2 दिन पहले मेरी सुशील से बात हुई थी। वह बेहद मजाकिया किस्म का लड़का था। उसके साथ रहते कभी ऐसा नहीं लगा कि उसे कोई तकलीफ थी। वकील हर्षवर्धन जैन के यहां सुशील के साथ काम कर रहे रौनक पुरोहित ने बताया- सुशील वकालत को लेकर हमेशा बेहद गंभीर रहता था। वह काम के प्रति काफी सीरियस था। लेकिन, ऐसा कदम उठा लेगा, ये बात समझ से परे है।

## तीये की बैठक में भाभी के भाई को चाकू मारा, बोली- पति के मोबाइल-डॉक्यूमेंट के लिए हमला किया

**भीलवाड़ा**

युवक की मौत के बाद 25 लाख की मुआवजा राशि के लिए उसकी प%ी और भाई पक्ष में मारपीट हो गई। युवक के भाई ने तीये की बैठक में आए भाभी के भाई को चाकू मार दिया। घटना भीलवाड़ा जिले में भीमगंज थाना इलाके के तिलक नगर में रविवार शाम 4 बजे हुई। देर रात 11.15 बजे रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जानकारी के अनुसार जिले में पुर थाना इलाके के दरीबा कस्बे में शुक्रवार दोपहर 2 बजे लाइनमैन नवर% सोनी (45) की बिजली के खंभे पर करंट लगने से मौत हो गई थी। नवर% भीमगंज इलाके के तिलक नगर का रहने वाला था। रविवार को आवास पर तीये की बैठक थी। शाम 4 बजे मुआवजे की 25 लाख की राशि और संपत्ति को लेकर भाई पक्ष और प%ी पक्ष में विवाद हो गया। बैठक समाप्त होते ही मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान नवर% के भाई मनीष ने भाभी सरिता के भाई पुरुषोत्तम पर चाकू से हमला कर दिया गया। पुरुषोत्तम को इलाज के लिए महात्मा गांधी हॉस्पिटल (भीलवाड़ा) में भर्ती कराया गया। सरिता और उसके दूसरे भाई सागर ने रविवार देर रात भीमगंज थाने पहुंचकर जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई। सरिता के भाई सागर ने बताया- जयपुर के डिग्गी मालपुरा स्थित अपने घर से रविवार को हम तीये की बैठक में शामिल होने पहुंचे थे। बैठक में मैं, बड़ा भाई पुरुषोत्तम और मां सावित्री देवी थे। दीदी सरिता और दोनों बच्चे वहीं थे। शाम 4 बजे तीये की बैठक के बाद जब हम लौट रहे थे तो जीजाजी (नवर%) के भाई मनीष ने दीदी (सरिता) से जीजाजी का मोबाइल और सारे डॉक्यूमेंट मांगे। दीदी ने मोबाइल और डॉक्यूमेंट देने से मना कर दिया। इसके बाद इनके परिवार के सभी लोगों ने हमसे गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। हमने पलटकर जवाब दिया तो हम पर



हमला कर दिया। दीदी के ससुराल पक्ष के बसंत, अरुण, आशीष, बिट्टू, नितिन, संजू , निर्मल आदि ने डंडों-पत्थरों से हमला किया। इस दौरान भाई पुरुषोत्तम पर मनीष ने चाकू मार दिया। वे घायल हो गए। उन्हें एडमिट कराना पड़ा। मेरे साथ भी मारपीट की, कपड़े फाड़े। सिर में चोट आई हैं। सागर ने कहा- हम चाहते हैं आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। बहन सरिता को मकान में हिस्सा मिले। साथ ही मुआवजा राशि 25 लाख रुपए (5 लाख ठेकेदार कंपनी और 20 लाख सरकार) और अनुकंपा नौकरी दीदी को मिले। जीजाजी के भाई मुआवजा राशि हड़पना चाहते हैं। इससे पहले भी ये लोग दीदी को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। मृतक की प%ी सरिता ने कहा- मेरे ससुराल पक्ष के लोग शुरू से मुझे और मेरे घरवालों को दहेज के लिए परेशान करते रहे हैं। अब पति की मौत पर मिलने वाली मुआवजा राशि और नौकरी हड़पना चाहते हैं। मेरे दस साल का बेटा और दो साल की बेटी है। पति नवर% समेत चार भाई हैं। ससुर गोवर्धन सोनी की 5 साल पहले मौत हो चुकी है। मनीष, आशीष और बसंत सोनी देवर हैं।

## चार दोस्तों ने ज्वेलर को लूटा, गिरफ्तार, मुंबई में दूध की डेयरी लगानी थी, सोने-चांदी के गहने बरामद

**उदयपुर**

ज्वेलर से दो दिन पहले लूट के मामले में सोमवार को 4 दोस्तों को गिरफ्तार किया गया। मुख्य आरोपी ने मुंबई में दूध की डेयरी लगाना और कर्जा उतारने के लिए लूट का प्लान बनाया था। आरोपियों से 4.62 किलोग्राम चांदी, सोने की ज्वैलरी और नगदी बरामद की गई है। चारों को प्रतापनगर थाना पुलिस ने पकड़ा है। एसपी योगेश गोयल ने बताया कि 20 अप्रैल 2024 को रोशनलाल सोनी पुत्र भैरूलाल सोनी निवासी लकड़वास ने लूट का मामला दर्ज करवाया था। रिपोर्ट में बताया था कि ढीकली ?में देविक ज्वैलरी नाम से उनकी सोना-चांदी की दुकान है। शाम करीब 7 बजे दुकान बंद बैग में जेवर रखकर बाइक से घर लौट रहा था। इस दौरान सुखानाका पुलिया से पहले रोड पर उनकी बाइक के आगे बदमाशों ने अपनी दो बाइक लगा दी। बदमाशों ने ज्वेलर से मारपीट की। इसके बाद चाकू दिखाकर बैग छीनकर भाग गए। बैग के अंदर सोने-चांदी की ज्वैलरी थी। थानाधिकारी भरत योगी ने बताया कि मामले में चार आरोपियों को पकड़ा गया है। आरोपी सुनिल




पुत्र पुष्करलाल डांगी निवासी भल्लों का गुड़ा, रोशन पुत्र रूपलाल गायरी निवासी भल्लों का गुड़ा, सुरेश उर्फ सुरी उर्फ सूर्या पुत्र उदयलाल डांगी निवासी विजयपुरा और श्याम उर्फ शेरा गुर्जर पुत्र लच्छीराम गुर्जर निवासी बड़गांव को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य आरोपी सुरेश डांगी उर्फ सुरी ने पूछताछ में बताया कि वह वाहनों के सीजर का काम करता है। उस पर काफी कर्जा हो रखा था। वह मुंबई में दूध की डेयरी लगाना चाहता था। इस कारण लूट की वारदात करना प्लान किया था।

## ई-रिक्शा-कार की टक्कर में 3 माह की मासूम की मौत, मां की गोद से उछलकर गिरी

**सीकर**

खाटूश्यामजी में तेज रफ्तार कार की टक्कर से ई-रिक्शा पलट गया। इसमें सवार एक ही परिवार के 7 लोग उछल कर सड़क पर गिर गए। हादसे में मां की गोद में बैठी 3 माह की मासूम भी गिरी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य को मामूली चोटें आई हैं। परिवार यहां मन्नत पूरी होने के बाद दर्शन करने पहुंचा था। हादसे के बाद कार और ई-रिक्शा ड्राइवर वहां से फरार हो गए। मामला सोमवार सुबह 9:30 बजे खाटूश्यामजी थाना क्षेत्र की नगर पालिका के पास हुआ। खाटूश्यामजी थाने के हेड कॉन्स्टेबल मोहनलाल ने बताया कि सुबह करीब 9:30 नई दिल्ली सागरपुर निवासी दीपुल गुप्ता (33) अपने परिवार के साथ बाबा श्याम के दर्शन करने के लिए खाटूश्यामजी आए हुए थे। उसके साथ प%ी मोनिका (28), 3 माह की बेटी दिषिका, मां सुमन गुप्ता (60), बड़ी बेटी सृष्टि (4), भतीजा रीधान व भांजी रीहांशी भी थी। दीपुल गुप्ता ने अपनी वैगनआर गाड़ी खाटू में नगरपालिका के पास बनी पार्किंग में पार्क कर दी थी। जिसके बाद परिवार सहित ई-रिक्शा में सवार होकर दर्शन करने के लिए मंदिर जा रहे थे। इस दौरान तोरण द्वार के नजदीक सामने से आई तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। दिल्ली में ऑनलाइन प्रोडक्ट सेलिंग का काम करने वाले दिपुल ने बताया- मैं रविवार रात



को अपने परिवार के साथ दिल्ली से चला था और सोमवार सुबह 9 बजे खाटू में पहुंचा था। यहां नगपालिका के पास अपनी कार खड़ी की तो एक ई-रिक्शा वाला आया जिसने कहा- वह हमें खाटूश्यामजी में दर्शन करवा देगा। मैं अपने परिवार के साथ ई-रिक्शा में बैठ गया। नगरपालिका से चले ही थे कि मंदिर मार्ग के लिए आए मोड़ पर सामने से एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार आ गई। कुछ ही सेकेंड में जोरदार टक्कर हुई और ई-रिक्शा पलट गया। हम सभी नीचे गिरे और इसी हादसे में बेटी की मौत हो गई। बेटी को अंदरूनी चोट लगी। मौके पर उसके मुंह से झाग निकलने लगे। बच्ची ने वहीं दम तोड़ दिया।

## पीएम मोदी असली टुकड़े-टुकड़े गैंग, संघ और कट्टर भाजपा वाले वोट देने नहीं निकले, बीजेपी में डर का माहौल: पवन खेड़ा

**कोटा**

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा- भाजपा ने शिवसेना के साथ सरकार बनाई। फिर उसको धोखा दिया और तोड़ दिया। असली टुकड़े-टुकड़े गैंग प्रधानमंत्री खुद हैं, जिन्होंने एनसीपी को तोड़ा, शिवसेना को तोड़ा। आज से हम उनका नाम टुकड़े-टुकड़े रख देंगे। उन्होंने कहा- पहले चरण के मतदान के बाद राजा (मोदी) कांप रहा है। मतदान के बाद एजेंसियों ने पीएम को रिपोर्ट दी। उसके बाद से उनकी भाव-भंगिमा बदल गई है। भाजपा में भय का माहौल है। खेड़ा ने यह बात कोटा के एक हॉस्टल में सोमवार को पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही। खेड़ा ने कहा- हम जानते हैं कि मोदी जी को पढ़ने-लिखने की आदत कम है। तब भी उनको कांग्रेस का मेनिफेस्टो पढ़ना चाहिए था। हमारे घोषणा पत्र में हिंदू-मुसलमान का जिक्र नहीं है। खड़गे साहब उन्हें मेनिफेस्टो




भेज रहे हैं। मेनिफेस्टो में कहीं हिंदू-मुसलमान का जिक्र हो तो बताइए। कहीं संपत्ति को लेकर, छीनकर बाटेंगे यह लिखा हो तो बताइए। हमारे घोषणा पत्र में 30 लाख खाली पद भरने, गरीब परिवार की महिलाओं को हर साल 1 लाख, किसानों को एमएसपी कानून बनाकर फसल की कीमत देने की गारंटी की बात लिखी है। इस देश में कोविड के दौरान मंगलसूत्र बिके थे। जब लोगों के पास खाने का दाना नहीं था। प्रधानमंत्री को शर्म नहीं आती? आपके रहते हुए इस देश में मंगलसूत्र बिके हैं। खेड़ा ने कहा कि देश का राजा झूठ बोलता है तो आने वाली पीढ़ियां बर्बाद कर देता है। भाजपा को 10 साल का अपना रिपोर्ट कार्ड सामने रखना चाहिए। आने वाले 5 साल में क्या करना चाहते हैं, जनता को यह बताना चाहिए। लोकतंत्र ऐसे ही चलता है। बीजेपी ने 10 साल में कितनी नौकरियां दी, महंगाई कितनी कम की, पेट्रोल 100 पार क्यों हो गया, इनका जवाब देना चाहिए। खेड़ा ने कहा कि मोदी, अमित शाह और पूरी भाजपा दो मुंह से बात करती है। इधर, ज्योति मिर्धा से कहते हैं, बोलो संविधान बदल देंगे, उधर खुद कहते हैं कोई नहीं बदलेगा। चोर को कहते हैं भाग जा, महाजन को कहते हैं जाग जा। यह भाजपा की नीति है। बीजेपी वाले मुसलमानों के पीछे छिपकर दलितों और आदिवासियों पर हमला बोल रहे हैं। खुद अपनी पोल खोलते हैं। पीएम 1945 के जर्मनी या 2024 के रूस से प्रेरित हैं, लेकिन उनकी प्रेरणा भारत से नहीं आई। बीजेपी की संविधान बनाने में कोई भूमिका नहीं है फिर भी उनके नेता संविधान बदलने की बात करते हैं। लोकसभा चुनाव में कम उम्मीदवार उतारने के सवाल पर खेड़ा ने कहा- कांग्रेस सबसे पुरानी और बड़ी पार्टी है। कांग्रेस का दिल भी बड़ा है। लोकतंत्र को बचाने के लिए समझौते करने पड़ते हैं तो हम करने को तैयार हैं। हम भाजपा की तरह नहीं हैं

चिंतन

# सूरत में निर्विरोध निर्वाचन लोकतंत्र पर खतरा नहीं

अठारहवीं लोकसभा के चल रहे मतदान की प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही भाजपा के खाते में एक सीट आ गई है। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया है। इस सीट से कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन रद हो गया था, जबकि बाकी बचे आठ उम्मीदवारों ने अपना नामांकन नाम वापसी की आखिरी तारीख तक वापस ले लिया था। रविवार को निर्वाचन अधिकारी ने सूरत सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुम्भाणी का नामांकन प्रस्तावकों के हस्ताक्षर में प्रथम दृष्टया विसंगति होने के बाद रद कर दिया था। हालांकि नामांकन रद होने को लेकर देश में राजनीति तेज है, कांग्रेस निर्वाचन आयोग पर बेहद आक्रामक है। कांग्रेस ने नामांकन रद के खिलाफ अदालत जाने की बात कही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि 'यह बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान को खत्म करने की दिशा में बढ़ाया गया एक और कदम है।' उन्होंने कटाक्ष किया कि 'तानाशाही की असली 'सूरत' एक बार फिर देश के सामने है।' इस बीच सूरत की डीएम ने सफाई दी है कि कांग्रेस उम्मीदवार के पर्चे पर हस्ताक्षर करने वाले गवाहों को समय से पेश होने को कहा गया था, पर कांग्रेस के उम्मीदवार ने आदेश का पालन नहीं किया। समय सीमा समाप्त होने के बाद ही चुनाव आयोग ने निर्विरोध निर्वाचन का निर्णय लिया। दिलचस्प है कि कांग्रेस के नामांकन रद होने के तकनीकी कारण रहे, लेकिन बाकी बचे आठ प्रत्याशियों ने आखिर अपना नामांकन वापस क्यों ले लिया? क्या वे सब किसी दबाव में थे? या डम्मी उम्मीदवार थे? बचे प्रत्याशियों ने चुनाव लड़े क्यों नहीं? यह चिंतनीय है। नाम वापस लेने वालों में बसपा उम्मीदवार भी हैं। क्या बसपा के पास जवाब है कि उसके उम्मीदवार ने ऐसा क्यों किया? अच्छा होता वहां मुकाबला होता, जनता को अपने मतदान का अवसर मिलता। चुनाव आयोग को ऐसी सूरत से बचने के लिए कानूनी तौर पर कोई प्रावधान करना चाहिए, जिसमें मतदान के अधिकार से जनता वंचित न हो। क्या पता मतदाताओं का फैसला क्या होता? और आजकल तो नोटा विकल्प है, इसलिए एक प्रत्याशी की स्थिति में भी मतदान तो कराया ही जा सकता है। एक दशक पहले तक नोटा विकल्प नहीं था, पर अब है। लगता है चुनाव आयोग ने मतदान के नोटा समेत विभिन्न विकल्पों पर विचार ही नहीं किया। प्रत्याशी बनाम नोटा चुनाव तो हो ही सकते थे। कांग्रेस का आरोप कि लोकतंत्र खतरे में है, जो सरासर अनर्गल है। यह पहली बार नहीं है कि लोकसभा में उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हों। मुकेश दलाल बीते 12 साल में लोकसभा चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल करने वाले पहले उम्मीदवार हैं। अरुणाचल प्रदेश में अभी विधानसभा चुनावों में भाजपा के 10 उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। 1951 से अब तक हुए संसदीय चुनाव में कम से कम 34 अन्य उम्मीदवारों को निर्विरोध जीत हासिल हुई थी। सपा की डिंपल यादव को 2012 में कन्नौज लोकसभा सीट के उपचुनाव में निर्विरोध जीत मिली थी। आम चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल करने वालों में वाई.बी. चव्हाण, फारूक अब्दुल्ला, हरेकृष्ण महताब, टीटी कृष्णामाचारी, पीएम सईद और एससी जमीर शामिल हैं। अब तक कांग्रेस पार्टी के सबसे अधिक उम्मीदवारों ने लोकसभा चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल की है। निर्विरोध निर्वाचन लोकतंत्र के खतरा नहीं है।

# दक्षिण में मजबूत होती भाजपा



विश्लेषण
विवेक शुक्ला

भाजपा ने दक्षिण का किला फतेह करने के लिए इस बार अपने दो बेहद तेज–तर्रार मुख्यमंत्रियों क्रमशः योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ–साथ यह दोनों भी दक्षिण भारत में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में अहम रोल निभाने जा रहे हैं। कर्नाटक में भाजपा की पैठ मजबूत है। तमिलनाडु में एड़ी चोटी एक कर रही है। करले में भाजपा तेजी से अपनी पकड़ मजबूत कर रही है। अमित शाह खुद वहां मेहनत कर रहे हैं। तेलंगाना में पार्टी ने काफी कोशिश की है, स्थानीय नेतृत्व खड़ा किया है। आंध्रप्रदेश में भाजपा व टीडीपी प पवन कल्याण की पार्टी में गठबंधन है। यह विनिंग गठबंधन है।

पिछली 19 अप्रैल को तमिलनाडु की सभी 39 लोकसभा सीटों के लिए मतदान हो गया। तमिलनाडु में हिन्दू आबादी 87 फीसदी से अधिक है। इधर भाजपा को इस बार बेहतर प्रदर्शन करने का भरोसा है। भाजपा कोयंबटूर और कन्याकुमारी को छोड़कर राज्य में कहीं कोई बड़ी पकड़ नहीं बना सकी है। जानने वाले जानते हैं कि तमिलनाडु में भाजपा मजबूत नहीं हुई, इसका सबसे बड़ा कारण राज्य में नेतृत्व का अभाव रहा। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इस धारणा को बदल दिया है और फिर पूर्व आईपीएस अधिकारी के. अन्नामलाई को तमिलनाडु का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद द्रविड़ पार्टी के प्रभुत्व वाले दक्षिणी राज्य में भाजपा की संभावनाएं काफी बढ़ गई हैं। अन्नामलाई राज्य में पार्टी के लिए जमीन तैयार करने में काफी हद तक सफल भी हुए हैं।

नरेन्द्र मोदी और अमित शाह लगातार अन्नामलाई के नेतृत्व को अपना समर्थन देते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के सघन दौरे किए। उनकी सभाओं में भारी जनसमूह उमड़ा। उन्हें सुना गया। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी जनता को विस्तार से दी। भाजपा को इस बार तमिलनाडु में मछुआरों, महिलाओं तथा समाज के अन्य वर्गों से वोट मिले हैं। भाजपा मतदाताओं के सामने भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति के मुद्दों को लेकर गई। अन्नामलाई ने पूरे राज्य की पदयात्रा करके भाजपा के लिए माहौल बनाया। सात महीने की लंबी यात्रा का समापन स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। कोयंबटूर से खुद अन्नामलाई चुनावी मैदान में थे। अमित शाह का दावा है कि 4 जून को देश तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में भी चौंकाने वाले नतीजे देगी। दक्षिण भारत में लोकसभा की कुल मिलाकर 130 सीटें हैं। इसमें तमिलनाडु (39), कर्नाटक (28), आंध्रप्रदेश (25), तेलंगाना (17), केरल (20) और पुदुचेरी (1) शामिल हैं।

भाजपा ने दक्षिण का किला फतेह करने के लिए इस बार अपने दो बेहद तेज–तर्रार मुख्यमंत्रियों क्रमशः योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है। यह दोनों ही अपने कुशल नेतृत्व के चलते उत्तर प्रदेश और गोवा को विकास की बुलंदियों पर लेकर जा रहे हैं। प्रमोद सावंत कर्नाटक में भाजपा के उम्मीदवारों के पक्ष में कैंपन कर रहे हैं। वे कर्नाटक में अपना भाषण कन्नड़ में देते हैं। योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत की अखिल भारतीय छवि बन चुकी हैं। योगी आदित्यनाथ पूर्व में कर्नाटक में कैंपन करते रहे हैं। उन्हें कर्नाटक का युवा, मेहनतकश और महिलाएं बहुत ध्यान से सुनती हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश को देश के सबसे विकसित होते राज्य की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। अगर बात प्रमोद सावंत की करें तो वे गोवा की स्थापित छवि को बदल रहे हैं। वे चाहते हैं कि गोवा को उसके समुद्री तटों, गिरिजाघरों के अलावा उसके समृद्ध अतीत के रूप में भी जाना जाए। गोवा को लेकर एक खास तरह की धारणा बना दी गई है, जबकि सच्चाई यह है कि गोवा सनातन भूमि है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने पर्यटन संग आध्यात्मिक राष्ट्रवाद से गोवा को



विकसित बनाने का संकल्प लिया है। बेशक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ यह दोनों भी दक्षिण भारत में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में अहम रोल निभाने जा रहे हैं। बात कर्नाटक की करें तो यहां पर भाजपा बड़ी मौजूदगी है। भाजपा ने पहली बार 2008 में कर्नाटक में अपनी उपस्थिति दर्ज की थी। भाजपा तटीय कर्नाटक क्षेत्र में मजबूत है। कर्नाटक में भाजपा के मजबूत होने का एक और कारण जाति है। कर्नाटक में लिंगायत और ब्राह्मण हमेशा भाजपा का समर्थन करते हैं, जबकि वोक्कालिगा, दलित और अल्पसंख्यक या तो कांग्रेस या जनता दल (सेक्युलर) को वोट देते हैं। कर्नाटक वास्तव में भाजपा के लिए एक गढ़ है। यह भारत के दक्षिण में एक ऐसा राज्य है जहां भाजपा अपनी राजनीतिक पैठ बनाने में अकेले सक्षम है।

केरल में 54 फीसदी आबादी हिंदू है। यह दक्षिण भारत का एकमात्र राज्य है जहां किसी भी एक दल को अकेले राज्य विधानसभा में पूर्ण बहुमत नहीं मिलता। केरल का चुनाव गठबंधन से ही जीता जाता है। कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट है तो कम्युनिस्ट पार्टियों के नेतृत्व वाला लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट। भाजपा केरल में अपनी जगह बनाने में लगी है। भाजपा के खिलाफ केरल में यह प्रचार किया गया है कि यह हिंदी पार्टी है। स्थानीय स्तर पर भाजपा कैडर धार्मिक उन्मादियों से लड़ रहे हैं। केरल में ईसाई समुदाय तेजी से भाजपा की ओर आ रहा हैं। केरल का ईसाई समुदाय कैथोलिक और गैर कैथोलिक के बीच विभाजित है। कैथोलिक वेटिकन के साथ पूरी तरह नहीं जुड़े हैं। केरल में मोटे तौर पर 8 प्रमुख ईसाई समुदाय हैं । सबसे दिलचस्प बात यह है कि प्रत्येक ईसाई समुदाय के बीच दूसरे के साथ प्रतिद्वंद्विता है। ऑर्थोडॉक्स और जैकोबाइट के बीच लड़ाई सर्वोच्च न्यायालय तक पहुँच चुकी है। वहाँ कोई भी एक पार्टी पूरे ईसाइयों का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकती और अधिकांश ईसाई ऐतिहासिक रूप से कम्युनिस्ट विरोधी हैं।

कैथोलिकों के भीतर कुछ समुदायों ने धीरे-धीरे भाजपा को एक संभावित विकल्प के रूप में तलाशना शुरू कर दिया है। ईसाई समुदाय परंपरागत रूप से राजनीतिक शक्ति समीकरणों में एक प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं। वे लंबे समय तक सत्ता से बाहर रहना बर्दाश्त नहीं कर सकते, इसलिए उनसे तालमेल बिठा रहे हैं जिनके पास शक्ति है। पादरी वर्ग के कई सदस्य माकपा से मिले अपमानों को दृढ़ता से याद करते हैं और अपना भविष्य भाजपा के साथ देखते हैं। इस मामले में गृह मंत्री अमित शाह की सक्रियता देखेने लायक है, वह लगातार इन पादरियों के साथ बने हुए हैं। उनकी विशेष भूमिका केरल में भाजपा के लिए वरदान साबित हो सकती है।

इस बीच, 2019 के लोकसभा चुनाव में केरल में लगभग क्लीन स्वीप करने वाली कांग्रेस को इस बार सीपीएम और भाजपा दोनों तरफ से चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। दोनों की कांग्रेस के वोटबैंक पर नजर है। सीपीएम जहां कांग्रेस के मुस्लिम वोटबैंक में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है, वहीं भाजपा ईसाई मतदाताओं को साधने में जी-जान लगा रही है। दोतरफा चुनौतियों से निपटने के लिए कांग्रेस संभल-संभल कर कदम बढ़ा रही है। 2019 में केरल में कांग्रेस अपने सहयोगियों के साथ 19 सीटें जीतने में सफल रही थी। सत्तारूढ़ सीपीएम के खाते में सिर्फ एक सीट आई थी। लोकसभा की 20 सीटों वाले केरल में भाजपा अभी तक खाता नहीं खोल पाई है। केरल में मुस्लिम 28 फीसदी और ईसाई लगभग 18 फीसदी हैं।

बहरहाल तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भाजपा दक्षिण भारत में बड़ी सफलता हासिल करने का ख्वाब देख रही है। अगर उसका ख्वाब सच हुआ तो उसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति के साथ-साथ योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को भी श्रेय देना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

पहला चरण
योगेश सोनी



# कम वोटिंग चिंताजनक, मतदान प्रतिशत बढ़ाने की जरूरत

चुनावों का महासंग्राम जारी है। पहले चरण की वोटिंग भी हो चुकी है जिसमें पहले की अपेक्षा कम वोटिंग हुई है। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई। सभी सीटों पर 62.37 फीसदी मतदान हुआ। सबसे ज्यादा वोटिंग लक्षद्वीप में 83.88 फीसदी हुई, उसके बाद त्रिपुरा में 80.17 फीसदी हुई। पश्चिम बंगाल में 77.57 प्रतिशत, मेघालय में 74.21 प्रतिशत, पुडुचेरी में 73.50 प्रतिशत और असम में 72.10 प्रतिशत मतदान हुआ। अगर 2019 में हुए मतदान के पहले चरण से तुलना की जाए तो इस बार पहले फेज में कम वोटिंग हुई है। वर्ष 2019 में पहले चरण में करीब 66 फीसदी वोटिंग हुई थी। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की चर्चा करें तो आठ सीटों पर लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 60.59 प्रतिशत मतदान हुआ। वर्ष 2019 के मुकाबले पहले चरण की इन सीटों पर करीब 5.9 फीसदी कम वोट पड़े हैं। अपेक्षाकृत कम मतदान की वजह से नतीजों को लेकर सियासी दलों की धुकधुकी भी बढ़ गई है। हालांकि इसके अलावा भी हर जगह के आंकड़े बताने के लिए हैं लेकिन सवाल सवाल यह है कि आखिर जिस ऊर्जा से साथ पक्ष-विपक्ष चुनाव प्रचार कर रहा है उस स्तर पर लोग वोट डालने में रुचि क्यों नहीं ले रहे? इसके पीछे हर किसी की अलग-अलग मंशा या वजह हो सकती है लेकिन जनता का लोकतंत्र के इतने बडे महापर्व में अपनी भागीदारी न निभाना लोकतंत्र के गलत संदेश देने जैसे है।

बीते कई वर्षों से हम समझ व देख रहे हैं कि हमारे एक वोट की कीमत है लेकिन न जाने हम इसको किस आधार पर हल्के में ले लेते हैं। स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि जितना लोग सोशल मीडिया पर अपनी जागरूकता दिखाते हैं उतनी हकीकत में नही। तमाम लोग अपना समर्थन अपनी-अपनी पसंदीदा पार्टी व नेता को खुलेआम देते हैं लेकिन उसका फायदा नेता या आपको तभी तो मिलेगा जब उसके लिए वोट डालकर अपनी शक्तियों का प्रयोग करेगें। एक आंकड़े के अनुसार देश में 18 साल की उम्र पूरी करने वाले युवाओं में से महज 38% ने 2024 के चुनावों के लिए खुद को मतदाता के रूप में रजिस्टर्ड कराया है।राजनीतिक विशेषज्ञ इस घटनाक्रम से चिंतित हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या युवाओं की लोकतंत्र में रुचि खत्म हो गई है? या वह वोट डालना व्यर्थ मानने लगे।उत्तर प्रदेश बिहार व दिल्ली में, हाल ही में 18 साल पूरा करने वाले युवाओं में से 25% से भी कम ने खुद को मतदाता के रूप में रजिस्टर्ड कराया है। यह संख्या बिहार 17% के साथ सबसे कम है, लेकिन राजनीतिक रूप से सक्रिय महाराष्ट्र की स्थिति भी 22% वोटर रजिस्ट्रेशन के साथ बहुत बेहतर नहीं है। वोट वाले दिन की छुट्टी को वह एंजॉय करना चाहते हैं और उनको लगता है कि वोट डालना तो बुजुर्गों व खाली लोगों का काम हैं। लेकिन युवा बहुत बड़ी गलतफहमी में हैं चूंकि वह यह नही समझ पा रहे कि एक तथ्यहीन भविष्य का निर्माण कर रहे हैं।

आज वह अपने वोट की कीमत नही समझ रहे तो आने वाले समय में आने वाली पीढ़ी के लिए भी इसकी गंभीरता खत्म कर देंगे। हम इस बात को जानते हैं कि भारत युवाओं का देश हैं और सबसे ज्यादा युवा भी हमारे यहां ही हैं। पूरा जिंदगी पड़ी होती है मौज-मस्ती के लिए लिए मात्र एक घंटा निकाल कर वोट डालना उनको बहुत भारी लगता है।युवा चर्चा तो ऐसे करते हैं मानो वह अपनी पूर्ण रूप से स्थिति दर्ज कराएंगे लेकिन चुनाव वाले दिन बिल्कुल गायब हो जाते हैं। अब से दशकभर पूर्व भी जो युवा पहली बार वोट डालते थे वह वोटिंग वाले दिन को बहुत उत्साहित तरीके से जीते थे और उनको लगता था यह दिन उनके लिए बेहद विशेष हैं, लेकिन अब धीरे-धीरे रफ्तार कम होने लगी जो लोकतंत्र के लिए घातक है। दरअसल अब दौर बिना किसी की गुणवत्ता की जांच के आधार पर चल पड़ा और भेड़चाल का ट्रेंड ज्यादा है। यदि किसी ने कॉलेज या ऑफिस में कह दिया वह तो चुनाव वाले दिन बाहर जा रहा है तो अधिकतर लोग उसको ही फॉलो करने लगते हैं और अपने वोट को व्यर्थ करने में बिल्कुल भी नही हिचकिचाते। जितनी ऊर्जा कॉलेज या अन्य किसी भी तरह के चुनाव में देखने को मिलती है उतनी उपस्थिति वह चुनावों में दर्ज नही करवा पा रहे। देखा जा रहा है कि चुनाव पहले से ज्यादा रोमांचक होते जा रहा है जिसका सबसे बडा कारण सोशल मीडिया माना जाता है चूंकि हर छोटी व बड़ी घटना तुरंत आपके मोबाइल पर आ जाती है कि जिससे किसी भी पार्टी व नेता का घटना अनुसार सकारात्मक व नकारात्मक तस्वीर बन जाती है। यदि आप देश के भविष्य के लिए जागरूक हैं तो यह बहुत जरूरी है कि मतदान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# प्रेम व स्नेह के साथ मार्गदर्शन करती हैं मां जगदंबा



संकलित
दर्शन

इस जगत की प्रत्येक वस्तु, चर या अचर का मूल स्रोत एक निगूढ़ शक्ति है, जो तर्क और बुद्धि की सीमा के परे है! कोई पूछे कि यह शक्ति स्त्रीलिंग है या पुंल्लिंग, तो उत्तर के स्त्रीलिंग होने की संभावना अधिक है। जैसे एक नए जीवन को गढ़ने के लिए सहनशीलता, धैर्य, करुणा और क्षमता एक मां में ही होती है, वैसे ही विश्वमातृत्व की अनंत शक्ति ही इतने महत एवं विशाल जगत को जन्म दे सकती है। नवरात्र में, पहले तीन दिन दुर्गा देवी की उपासना की जाती है, फिर अगले तीन दिन लक्ष्मी देवी की और अंतिम के तीन दिन सरस्वती देवी की! देवी के ये तीन रूप क्रमशः तीन गुणों के प्रतीक हैं-तमोगुण, रजोगुण और सतोगुण। यहां हम आश्चर्य में पड़ सकते हैं कि दुर्गा देवी तम की प्रतीक क्यों? भौतिक जगत में रहते हुए थोड़े-बहुत तमोगुण की भी आवश्यकता होती है। तमस पर्याप्त न हो तो हम ठीक से सो भी नहीं पाएंगे। आज कितने लोग अनिद्रा से ग्रस्त नींद की गोलियों के आदी हैं? क्यों उन्हें ठीक से नींद नहीं आती? क्योंकि उनके शरीर में तमस की कमी है। अतः वे अपने शरीर में कृत्रिम रूप से तमस का निर्माण करते हैं! बीच के तीन दिन, देवी की पूजा लक्ष्मी रूप में होती है-रजोगुण के रूप में, जिसकी आवश्यकता किसी भी कार्य को करने में होती है। पैसा कमाना हो, चाहे कोई इच्छा पूरी करनी हो। शरीर में अत्यधिक या अति न्यून रजोगुण होना भी समस्याएं खड़ी करता है। अत्यधिक रजोगुण होगा तो ठीक से सोच भी नहीं सकते और शांति-विश्रांति भी दूर रहती है! फिर तनाव, चिंता और उच्च रक्तचाप हो जाता है।

# कर्ण की युद्ध में धर्म-नीति निष्ठा



संकलित
प्रेरणा

कर्ण कौरवों की सेना में होते हुए भी महान धर्मनिष्ठ योद्धा थे। भगवान श्रीकृष्ण तक उनकी प्रशंसा करते थे। महाभारत युद्ध में कर्ण ने अर्जुन को मार गिराने की प्रतिज्ञा की थी। उसे सफल बनाने के लिए खंडव वन के महासर्प अश्वसेन ने इसे उपयुक्त अवसर समझा। अर्जुन से वह शत्रुता तो रखता था, पर काटने का अवसर नहीं मिलता था। वह बाण बनकर कर्ण के तरकस में जा घुसा। अश्वसेन वाला बाण भी चला, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने वस्तुस्थिति को समझा और रथ-घोड़े जमीन पर बिठा दिए। बाण मुकुट काटता हुआ ऊपर से निकल गया। असफलता पर अश्वसेन प्रकट हुआ और कर्ण से बोलाः अबकी बार अधिक सावधानी से बाण चलाना। इस पर कर्ण को भारी आश्चर्य हुआ। उसने उस कालसर्प से पूछाः आप कौन हैं? सर्प ने कहाः अर्जुन ने एक बार खण्डव वन में आग लगाकर मेरे परिवार को मार दिया था। इसलिए उसीका प्रतिशोध लेने के लिए मैं व्याकुल रहता हूँ। उस तक पहुँचने का अवसर न मिलने पर आपके तरकस में बाण के रूप में आया हूँ। कर्ण ने उसकी सहायता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए वापस लौट जाने के लिए कहाः भद्र, मुझे अपने ही पुरुषार्थ से नीति युद्ध लड़ने दीजिए। आपकी अनीतियुक्त सहायता लेकर जीतने से तो हारना अच्छा है। कालसर्प कर्ण की नीति-निष्ठा को सराहता हुआ वापस लौट गया। उसने कहाः कर्ण तुम्हारी यह धर्मनिष्ठा ही सत्य है, जिसमें अनीतियुक्त पूर्वाग्रह को छद्म की कहीं स्थान नहीं।




ट्रेंड

## प्रेरणा मिलेगी



भारत को फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने डी गुकेश पर गर्व है। टोरंटो में हुए टूर्नामेंट में गुकेश की उपलब्धि उनकी असाधारण प्रतिभा द्योतक है। उनके असाधारण प्रदर्शन और शीर्ष तक के सफर से लाखों को प्रेरणा मिलेगी।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री


## जश्न मनाएं



मैं और जिल जैन धर्म के लोगों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते हैं। आइए आज हम सब मिलकर महावीर स्वामी के मूल्यों को अपनाएं और प्यार, खुशी फैलाकर उनका जश्न मनाएं।

-जो बाइडन, अमेरिकी राष्ट्रपति

## प्रधानमंत्री चुप क्यों



उन्हें एक सीधे से सवाल का जवाब भी देना चाहिए। 1951 से हर दस साल के बाद जनगणना होती है। इसे 2021 में कराया जाना चाहिए था लेकिन आज तक किया नहीं गया। इस पर प्रधानमंत्री चुप क्यों हैं?

-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता

## सीएए मूल्यों के खिलाफ




दुनिया के किसी भी सभ्य देश ने नागरिकता का आधार धर्म को नहीं बनाया है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार का विवादित नागरिकता (संशोधन) कानून (सीएए) देश के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों के खिलाफ है।

-पिनराई विजयन, मुख्यमंत्री, केरल

### चोरी के डर से सोने की चेन निगल गई महिला

# पेट में जगह-जगह घाव हुए, जयपुर में बिना ऑपरेशन किए बाहर निकाली गई

तेज दर्द से परेशान थी महिला



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर में 75 साल की बुजुर्ग महिला ने चोरी होने के डर से सोने की चेन निगल ली। इस चेन को पिछले दिनों जयपुर के एक निजी हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने निकाला है। एंडोस्कोपिक प्रोसीजर के जरिए चेन को निकाला गया। दरअसल, चेन निगलने से महिला के पेट में जगह-जगह घाव हो गए थे, जिससे उसके अल्सर बन गए। अब महिला की हालत ठीक बताई जा रही है। गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. विनायक कल्ला ने बताया- डिमेंशिया (दिमाग की बीमारी) से पीड़ित 75 वर्षीय महिला को यह भ्रम हो गया कि उसके घर चोर घुस आया है। इस भ्रम में उसने अपनी सोने की चेन को बचाने के लिए निगल लिया। डॉक्टर ने बताया- चेन निगलने के बाद महिला के पेट में तेज पेट दर्द के साथ खाना-खाने समेत अन्य चीजें खाने में भी समस्या आने लगी थी। तकलीफ के बाद महिला को हॉस्पिटल में दिखाने के लिए लाया गया। यहां जांच की तो देखा महिला के पेट में चेन पड़ी है। इस चेन के निगलने से महिला की भोजन नली और पेट में जगह-जगह घाव हो गए। जो अल्सर बन गए थे। ऐसे में उन्हें तेज पेट दर्द हो रहा ता। खाना निगलने में परेशानी जैसे लक्षण दिख रहे थे।

### सर्जरी से निकालना जटिल

डॉक्टर ने बताया- पेट में अल्सर होने और महिला की उम्र ज्यादा होने से उसका ऑपरेशन करना मुश्किल था। इसलिए हमने एंडोस्कोपी से ही चेन निकालने का निर्णय लिया। इसके लिए रॉथ बास्केट तकनीक से पेट से चेन निकालने की प्रक्रिया की गई। डॉक्टर ने बताया कि एंडोस्कोपी से भी चेन को निकालना आसान नहीं था। क्योंकि चेन लम्बी थी और उसको निकालने के दौरान महिला के पेट में घाव होने का खतरा ज्यादा था। डॉक्टर ने बताया कि एंडोस्कोपिक प्रोसीजर से चेन निकालने के बाद अब महिला की तबीयत ठीक है और उसके अल्सर भी धीरे-धीरे ठीक होने लगे है।

### मेहंदीपुर बालाजी में हनुमान जन्मोत्सव की महाआरती

# पंचामृत स्नान कराकर सोने के चोले से बालरूप झांकी सजाई, महंत नरेशपुरी महाराज कर रहे आरती



राजस्थान की राजनीति

**दौसा।** चैत्र पूर्णिमा पर सिद्धपीठ घाटा मेहंदीपुर बालाजी में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंदिर के महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज के सान्निध्य में पंडितों ने स्वयंभू बालाजी का पंचामृत स्नान कराकर सोने के चोले से बालरूप झांकी सजाई व छप्पनभोग लगाया गया। इसके बाद महंत द्वारा महाआरती की गई। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु बालाजी के दर पहुंचे हैं।

### बेटी को फंसाने के मामले में नया मोड़

# आरोप थाने लाकर पूछा- तूने मम्मी को गोली मारी है, स||ह बोले- मेरी तो मुलाकात ही नहीं, परिवार ने कहा- बदसलूकी नहीं हुई

चार पुलिसकर्मियों पर दर्ज हुआ केस



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर में तीन साल पहले हुए हत्या के केस में कई सवाल खड़े हो गए हैं। दोनों पक्षों के सामने आने के बाद पूरे मामले में नया मोड़ आ गया है। सामने आया कि केस की जांच कर रही मानसरोवर थाना पुलिस मृतक महिला की नाबालिग बेटी को ही आरोपी बनाना चाहती थी। थाने में बैठाकर पूछताछ की। इस दौरान कहा- बता तूने ही तेरी मम्मी को गोली मारी है ना। अब इस केस में मानसरोवर थाने के तत्कालीन एसएचओ सहित 4 पुलिसकर्मियों पर केस दर्ज किया गया है। उधर, पुलिस टीम का कहना है कि सभी आरोप झूठे है। पहले हुई जांच में वे निर्दोष साबित हो चुके हैं। तत्कालीन एसएचओ का कहना है कि उस वक्त मेरी मौजूदगी मानसरोवर थाने में नहीं थी। मैं तो घटनास्थल पर ही मृतका की बेटी से मिला था, थाने में मेरी मुलाकात नहीं हुई। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया- साल 2021 में स्वर्णपथ मानसरोवर निवासी सुमन (38) पत्नी पूरणचंद की गोली मारकर हत्या हुई थी। सुमन घरों में साफ-सफाई का काम करती थी। अगस्त 2021 में सुमन अपनी 14 साल की बेटी के साथ रामवीर के घर काम करने गई थी। घर पहुंची मां-बेटी को रामवीर अपनी पिस्टल दिखा रहा था। तभी अचानक ट्रिगर दबने से फायर हो गया। गोली सीधे सुमन के सिर में लगने से उसकी मौत हो गई थी।

### मामले में दो आरोपियों को किया अरेस्ट

घटना के बाद हत्या और आर्म्स एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर तत्कालीन साह्न दिलीप कुमार सोनी ने जांच शुरू की। मामले में आरोपी रामवीर (26) पुत्र चरण सिंह निवासी खेडली अलवर हाल स्वर्ण पथ मानसरोवर को अरेस्ट किया था। पूछताछ में रामवीर ने बताया कि एक दिन पहले अपने दोस्त राजू जायसवाल से पिस्टल लेकर आया था। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी राजू जायसवाल (33) पुत्र कुन्दनलाल निवासी खेडली अलवर हाल कावेरी पथ मानसरोवर को भी अरेस्ट कर लिया। दोनों आरोपी के खिलाफ चालान कोर्ट में पेश कर ट्रायल शुरू कर दिया गया था।

### नाबालिग बेटी को पूछताछ के लिए लाए थाने

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया- हत्या की प्रत्यक्षदर्शी गवाह मृतका सुमन की 14 साल की बेटी थी। बयान में सामने आया कि तत्कालीन साह्न दिलीप कुमार सोनी के कहने पर मृतका सुमन की नाबालिग बेटी को महिला कॉन्स्टेबल सरोज सरकारी गाड़ी से मानसरोवर थाने लेकर आई। पूछताछ के लिए थाने में बैठाया गया। महिला कॉन्स्टेबल सरोज और स्ह्न वंदना नरुका और एक कॉन्स्टेबल ने पूछताछ की।

# क्रीड़ा परिषद में 'पास' विवादः कर्मचारियों ने सचिव ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया, बात नहीं मानी तो वीवीआईपी वेस्ट ब्लॉक पर कब्जा

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** सवाई मानसिंह स्टेडियम में सोमवार को राजस्थान रॉयल्स के होम ग्राउंड में खेले गए अंतिम आईपीएल मैच विवादों के साथ हंगामे की भेंट चढ़ गया। आईपीएल में क्रीड़ा परिषद के कर्मचारियों की ओर से हंगामा करना आम बात है, लेकिन इस बार उन्हें मनाने के लिए राजस्थान रॉयल्स ने पुलिस को मोहरा बना कर भेज दिया। उधर, कर्मचारी पास नहीं मिलने के कारण दोपहर से सचिव के ऑफिस के बाहर प्रदर्शन कर चुके थे। बात नहीं मानी तो काम छोड़ कर वीवीआईपी वेस्ट ब्लॉक पर कब्जा कर बाउंसरों को बाहर का रास्ता दिखा दिया।

मैच से चार घंटे पहले एडिशनल डीसीपी साउथ पारस जैन और एसीपी अशोक नगर बालाराम जाब्ते के साथ पहुंचे। सबसे पहले तो उन्होंने सचिव से परेशानी जानी, उसके बाद ब्लॉक में बैठे हुए कर्मचारियों के बीच पहुंचे। जैन ने कहा- सभी कर्मचारी यहां से जाएं और अपना-अपना काम



संभालें आप लोगों को खुश होना चाहिए आपके यहां पर मैच हो रहे हैं। इस पर कर्मचारियों ने कहा कि साहब हर साल पास आते थे, इस बार नहीं मिले। कई लोगों को हम से उम्मीद रहती है। इस पर जैन बोले- हां मुझे पता है, जब मैं कोटा पोस्टेड था तो उस समय आप लोगों ने मुझे भी पास दिए थे, लेकिन वो वक्त-वक्त की बात है।

आप लोगों में मना करने की हिम्मत होनी चाहिए। मैं अपने घर पर भी पास के लिए मना कर आया हूं। अपन यहां सब कर्मचारी हैं, मालिक नहीं। ये आपके साथ में किसी प्रकार की कोई प्रताड़ना नहीं है। इतनी समझाइश के बाद जब कर्मचारी नहीं माने तो उन्होंने कहां कि आपका और हमारा दोनों का स्वाभिमान बना रहे, ऐसा काम करो। ऐसे में कर्मचारी वापस चले गए।

### पहली बार कर्मचारियों को समझाने क्रीड़ा परिषद पहुंची पुलिस, बेरंग लौटे कर्मचारी

क्रीड़ा परिषद के कर्मचारियों को पास लेने के लिए हर बार एकता दिखानी पड़ती है, लेकिन इस बार जब उन्होंने एकता दिखाने का प्रयास किया तो पुलिस को भेज दिया गया। ऐसा पहली बार हुआ, जब कर्मचारियों को समझाने के लिए पुलिस आई। इसके चलते उन्हें बेरंग ही काम पर लौटना पड़ा।

### कर्मचारियों का आरोप

कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि 100 पास दिए गए। इसमें से खेल विभाग 25 पास ले जाएगा। ऐसे में कर्मचारियों को क्या मिलेगा।

### कुमार विश्वास बोले- राम न होते तो हम कहां होते

# मेहंदीपुर धाम में 'अपने-अपने राम' आध्यात्मिक सेशन; राज्यपाल-महंत ने किया उद्घाटन





राजस्थान की राजनीति

**दौसा।** दौसा जिले के सिद्धपीठ मेहंदीपुर बालाजी में अपने-अपने राम आध्यात्मिक ऊर्जा सत्र का आयोजन सोमवार दोपहर 3 बजे आगाज हुआ। बालाजी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज के सान्निध्य में हो रहे दो दिवसीय आयोजन का शुभारम्भ राज्यपाल कलराज मिश्र ने किया। इसमें आध्यात्मिक वक्ता डॉ कुमार विश्वास द्वारा राम कथा का संगीतमय सेशन आयोजित किया जा रहा है।

सेशन में डॉ. कुमार विश्वास हनुमान और श्रीराम बंधन का चित्रण करते हुए कहा दुनिया में राम और हनुमान से बड़ा संबंध नहीं है। जहां राम की सेवा में हनुमान हमेशा तत्पर रहते हैं। मुझे खुशी है कि मेहंदीपुर बालाजी में कथा करने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा- राम और पद चुनने का समय आए तो रामजी को चुनना, क्योंकि राम चुनेंगे तो लाभ में रहेंगे। इच्छाओं का कोई अंत नहीं होता है। जिसकी कोई इच्छा ना हो ऐसा कोई संत नहीं। यदि राम न होते तो हम कहा होते।

ये भी मौजूद

आयोजन के शुभारंभ अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी महेश्वरानंद, आचार्य लोकेश मुनि, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय मंत्री उमाशंकर, सेवा भारती के संगठन मंत्री मूलचंद सोनी, आरएसएस के क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम, पूर्व मंत्री ममता भूपेश समेत कई धर्मगुरू व बड़ी संख्या में लोग मौजूद हैं।

राम कथा के आयोजन को लेकर 22 बीघा भूमि में डोम सजाया गया है। जिसमें हजारों लोगों की बैठक व्यवस्था के लिए कुर्सियां लगाई गई हैं। 250 पुलिसकर्मियों समेत मंदिर ट्रस्ट के सुरक्षा गार्ड भी तैनात हैं।

# अंतरराज्यीय नाकाबंदी जारीः गुजरात, हैदराबाद और महाराष्ट्र में बन रहे सोने के बिस्किट, खेरवाड़ा के रास्ते उदयपुर-जयपुर तक भी देने आ रहे हैंडलर

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** त्योहारी, शादी-ब्याह और चुनावी सीजन में बॉर्डर व अंतरराज्यीय नाकाबंदी में आए दिन मादक पदार्थों के साथ सोना-चांदी भी पुलिस पकड़ रही है। प्रदेश में आचार संहिता में सबसे ज्यादा सोना-चांदी 11 करोड़ का जोधपुर तो 9.72 करोड़ का पाली में जब्त किया। इसके बाद उदयपुर पुलिस ने 6.92 करोड़ कीमत का सोना-चांदी जब्त किया है, इसमें शनिवार को ही सुखेर पुलिस ने 33 किलो चांदी जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। इससे पहले खेरवाड़ा पुलिस ने भी करोड़ों रुपए का गोल्ड जब्त कर करीब 5 आरोपियों को पकड़ा था।

भास्कर रिपोर्टर ने सप्लायर से बात की तो उसने बताया कि दुबई से वाया मुंबई-अहमदाबाद से राजस्थान तक गोल्ड तस्करी लंबे समय से चल रही है। ऐसे गोल्ड की कीमत में प्रति किलो 4 से 5 लाख रुपए का अंतर रहता है। इस कारण नामी ज्वेलर हैंडलर से बिना बिल के गोल्ड की तस्करी करवाकर मंगाते हैं। इसके बदले तस्करी में लिप्त ज्वेलर गुर्गों को प्रति किलो 40 से 50 हजार रुपए कमीशन देते हैं। कमीशन के फेर में ज्वेलर के हैंडलर कार-बस, रेल में सवार होकर अहमदाबाद से खेरवाड़ा और अंदरूनी रास्तों से होकर उदयपुर-जयपुर तक तस्करी का रैकेट चलाते हैं। तस्करी के इस खेल में उदयपुर भी बड़ा हब बन गया हैं।



### सप्लायर बोला- फायदे के लालच में तस्कर सरकार और जनता को पहुंचा रहे नुकसान

**कार्रवाई महज ये**

ऐसे केस में पुलिस बिना बिल का गोल्ड सीआरपीसी 102 में जब्त कर आरोपियों को सीआरपीसी 151 में गिरफ्तार करती है। इनकम टैक्स व जीएसटी को सूचना देकर मामले को हैंडओवर करते हैं। जब्त सोना-चांदी थाने के मालखाने में जमा होता है।

### खेरवाड़ा पुलिस ने अब तक एक करोड़ का सोना पकड़ा, 5 आरोपी पकड़े

केस 1- लोकसभा चुनाव के मद्देनजर खेरवाड़ा थानाधिकारी दिलीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने एनएच 48 पर नाकाबंदी के दौरान अहमदाबाद की तरफ से आ रही एक कार में सवार दो युवकों से 542 ग्राम सोने के बिस्किट जब्त किए। इसकी बाजार कीमत करीब 40 लाख रुपए बताई। आरोपी मगन पुत्र अमरा पटेल निवासी कटेवड़ी व राहुल पुत्र नाथूलाल पटेल निवासी छाणी को डिटेन किया।

केस 2- खेरवाड़ा पुलिस ने 2 अप्रैल को भी अहमदाबाद से खेरवाड़ा आ रहे कार सवार तीन युवकों से 40 लाख के 545 ग्राम सोने के बिस्किट और 65 हजार रुपए की नकदी जब्त की थी। मामले में आरोपी महेश पुत्र मीठालाल पटेल निवासी वागपुर खेरवाड़ा, हरीश पुत्र रतनलाल पटेल निवासी वागपुर व बड़ा कारछा निवासी शंकर पुत्र थावरा सालवी को डिटेन किया।

नाम नहीं छापने की शर्त पर सप्लायर ने बताया कि कस्टम से छिपाकर अरब देशों से चोरी छिपे कच्चा सोना समुद्री एवं हवाई मार्ग से लाकर गुजरात, हैदराबाद और महाराष्ट्र के प्रमुख शहरों से लाकर्र बस्किट बनवाकर देशभर के बड़े शहरों में पहुंचाया जाता है। सस्ता सोना मिलने से ज्वैलर्स वहीं से मशीन वाले जेवर बनवाकर दलाल (आंगड़ियों) की मदद से मंगवा लेते हैं। आंगड़िए प्रति ग्राम सोने पर 400 से 500 रु. का कमीशन लेते हैं। बिना बिल का सोना छोटे ज्वेलर तक पहुंचता है। छोटे कारोबारी ग्राहकों को एचयूआईडी के बिना जेवर बेच देते हैं। वे जीएसटी से बचने बिना बिल का कम क्वालिटी का सोना खरीद लेते हैं।

### ऑर्गन ट्रांसप्लांट की फर्जी एनओसी

# नियम; सोटो को हर ट्रांसप्लांट की पड़ताल कर विभाग को बताना था; जिम्मेदारों का कुतर्क; सोटो सिर्फ कैडेवर के लिए काम करता है...

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** निजी अस्पतालों को ऑर्गन ट्रांसप्लांट की फर्जी एनओसी देने के मामले में जहां एसएमएस अस्पताल में तीन साल तक बैठक ही नहीं की गई, वहीं सोटो (स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन) की ओर से भी निजी अस्पतालों में हो रहे किडनी ट्रांसप्लांट की मॉनिटरिंग नहीं की गई। यहां तक कि डेटा अपडेट नहीं करने पर केन्द्र सरकार के तत्कालीन सचिव सुधांश पंत ने 2023 के दिसम्बर माह में राजस्थान सरकार को पत्र लिखा था, लेकिन इसके बावजूद सोटो अधिकारियों की ओर से जानकारियां छिपाई जाती रहीं। ट्रांसप्लांटेशन ऑफ ह्यूमन ऑर्गन एंड टिश्यू एक्ट (थोटा) के तहत सोटो अधिकारियों को न केवल प्रदेश में होने वाले हर ट्रांसप्लांट के बारे में पूरी जानकारी रखनी थी बल्कि निजी अस्पतालों की ओर से सोटो साइट पर अपडेट किए जाने वाले ट्रांसप्लांट की जानकारी चिकित्सा विभाग को भी देनी थी, लेकिन सोटो अधिकारियों की ओर से न तो कभी मॉनिटरिंग की गई और ना ही जानकारी उच्चाधिकारियों को दी गई। यदि ऐसा किया जाता तो अवैध तरीके से होने वाले किडनी ट्रांसप्लांट को रोका जा सकता था।

### सिस्टम से सीधे सवाल? डेटा क्यों छिपाया जा रहा?




सोटो की ओर से अभी तक वह डेटा दिया ही नहीं गया है, जिसमें निजी अस्पतालों की ओर से डोनर और रिसिपिएंट की जानकारी दी हुई है। पिछले 7 दिन से सोटो अधिकारी यह जानकारी विभाग के उच्चाधिकारियों से छिपाने में क्यों लगे हैं। पहले बताया गया कि जिस कर्मचारी (राकेश) के पास सोटो का लॉगिन-आईडी है, उसकी चुनाव में ड्यूटी लगी हुई है।

### डेटा अपडेट क्यों नहीं किया?

अंदेशा है कि एसीबी की ओर से अस्पतालों का जब्त डेटा और सोटो के डेटा में अंतर है। सोटो अधिकारी डेटा अपडेट करते तो यह रैकेट पहले ही टूट जाता। सोटो अधिकारी मान ही नहीं रहे कि सोटो लाइव ट्रांसप्लांट का भी रिकॉर्ड रखता है।

### दिसंबर-23 को लिखा केंद्र का पत्र

**अंग प्रत्यारोपण का हर नियम भंग होता रहा... जिम्मेदार आंखें मूंदे रहे**

डॉ. सुधीर भंडारी; चेयरमैन रहे लेकिन इनकी ओर से लाइव ऑर्गन ट्रांसप्लांट की कभी जानकारी नहीं ली गई, ना ही विभाग को दी गई। इन्होंने कहा कि सोटो कैडेवर के लिए काम करता है।

डॉ. अजीत सिंह; ट्रांसप्लांट कॉर्डिनेटर हैं। सोटो साइट पर क्या अपलोड हो रहा है और क्या नहीं, इसकी कभी जानकारी ही नहीं ली। बोले- सोटो केवल कैडेवर ट्रांसप्लांट के लिए काम करता है।

अमरजीत मेहता; जॉइंट डायरेक्टर थे, इस्तीफा दे दिया, लेकिन स्वीकार नहीं किया। अभी ये एसएमएस से रिटायर हो चुके हैं। पिछले काफी समय से इनकी तबीयत खराब चल रही है।

डॉ. मनीष शर्मा; आईईसी व मीडिया कन्वीनर। सभी अस्पतालों में कौनसे ट्रांसप्लांट हो रहे हैं। इस पर हमेशा चुप ही रहे।

डॉ. राजीव बगरहट्टा; वर्तमान चेयरमैन हैं। कमेटी की बैठक के साथ ही सोटो में दर्ज होने वाले हर ट्रांसप्लांट की जानकारी के बारे में कर्मचारियों से अपडेट लेना था।

÷हम सोटो से जानकारी लेने में लगे हैं। पूरा मामला हमारे लिए भी परेशानी का सबब बना हुआ है। हम इस पूरे ट्रांसप्लांट सिस्टम को नए रूप में लाएंगे। इसके लिए तैयारी चल रही है।÷

**-शुभ्रा सिंह, एसीएस, हेल्थ**

### हनुमान जन्मोत्सव से पहले रोशनी से सराबोर मेहंदीपुर धाम

# मंदिर परिसर की भव्य सजावट, रंग-बिरंगी रोशनी से नहाया बालाजी कस्बा



राजस्थान की राजनीति

**दौसा।** धार्मिक नगरी मेहंदीपुर बालाजी में मंगलवार को स्वयंभू बालाजी महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसे लेकर बालाजी व सीताराम मंदिर समेत कस्बे की आकर्षक सजावट की गई है।

यहां मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज के सान्निध्य में बालाजी व सीताराम मंदिर परिसर की भव्य सजावट की गई तो वहीं बालाजी मोड़ से मंदिर तक रंग-बिरंगी रोशनी से रास्ते को सजाया गया है।

### तीन साल में फर्जी एनओसी से 1024 किडनी ट्रांसप्लांट

# जिनके खिलाफ जांच होनी है, वे अब भी पद पर; डॉ सुधीर भंडारी को सरकार ने दिया नोटिस



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** प्रदेश में तीन साल में 1024 किडनी ट्रांसप्लांट फर्जी एनओसी से हुए। इनमें 921 विदेशियों के थे। ...और एनओसी देने वालों को पता ही नहीं चला। इस मानव अंग प्रत्यारोपण (किडनी) जैसे गंभीर प्रकरण में जांच भी अब धीमी चल रही है।

प्रदेश सरकार ने चिकित्सा शिक्षा आयुक्त के निर्देशन में जांच कमेटी बनाई, ताकि एनओसी देने वाली ऑथोराइजेशन कमेटी के पदाधिकारियों की भूमिका की जांच हो सके। इनमें एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजीव बगरहट्टा, अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा आदि शामिल हैं। सवाल यह है कि जिनके खिलाफ जांच होनी है, वे अब भी पद पर बैठे हैं।

इस गंभीर मामले में कार्रवाई नहीं हो रही जबकि बैच पर प्रसव मामले में सोमवार को नैनवा उप जिला चिकित्सालय के चिकित्सक, एनएएम को निलंबित व पीएमओ को पद से हटा दिया गया है। मामले पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य एसीएस शुभ्रा सिंह का कहना है कि मुझे डॉ. बगरहट्टा और डॉ. शर्मा ने ही किडनी ट्रांसप्लांट में गड़बड़ी की बात बताई थी। तब हमने एसीबी को सूचना दी थी। जांच चल रही है।

### अनदेखी... 1 अप्रैल को फर्जी एनओसी कांड खुला, 22 को पूछा- कितनी बैठकें कीं

3 अप्रैलः फर्जी अंग प्रत्यारोपण एनओसी की जांच के लिए चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में 5 सदस्यीय जांच कमेटी बनी। इसे 15 दिन में रिपोर्ट देनी थी। लेकिन 20 दिन बाद भी रिपोर्ट नहीं सौंपी गई है। भास्कर ने इकबाल खान से पूछा तो बोले कि जांच चल रही है, इसलिए कुछ नहीं कह सकते।

5 अप्रैलः मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजीव बगरहट्टा को बैठकें नहीं होने और एनओसी आदि के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया था। इनसे तीन दिन में जवाब देने को कहा गया। उन्होंने पहले तो 20 अप्रैल तक जवाब नहीं दिया, फिर 5 दिन का समय अतिरिक्त मांग लिया। 22 अप्रैलः 1 अप्रैल को फर्जी एनओसी का मामला खुल गया था। दो गिरफ्तारियां भी हो गई थीं। लेकिन ऑथोराइजेशन कमेटी में शामिल एसएमएस अस्पताल अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा से कॉम्पीटेंट अथॉरिटी की बैठक में अब पूछा गया है कि आपकी समिति ने कब और कितनी बैठकें की हैं

### सोटो का चेयरमैन कौन

स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन (सोटो) कमेटी का चेयरमैन कौन है और प्रदेश की इस सबसे बड़ी कमेटी की क्या भूमिका रही राज्य सरकार ने अभी तक इस ओर कोई पड़ताल नहीं कर पाई है। सबसे बड़ा सवाल तो कमेटी के चेयरमैन को लेकर है। संबंधित साइट पर डॉ. सुधीर भंडारी चेयरमैन हैं, लेकिन बातचीत में वो इससे इंकार करते हैं। उनके मुताबिक जब से वो प्रिंसिपल नहीं हैं, तब से वो यह काम नहीं देख रहे। विभाग की सचिव शुभ्रा सिंह बोलीं- उन्होंने इस्तीफा तो नहीं दिया। वही चेयरमैन हैं। सरकार ने सोमवार को डॉ. सुधीर भंडारी को नोटिस भी दे दिया है कि आप चेयरमैन नहीं थे तो काम क्यों करते रहे। तीन दिन में जवाब दीजिए। इधर, सोटो के जॉइंट डायरेक्टर डॉ. अमरजीत मेहता ने भी कहा कि उन्होंने भी दो महीने पहले इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, सवाल यह भी है कि उन्होंने अचानक इस्तीफा क्यों दिया।

### मौजूदा मुख्य सचिव ने केंद्र में रहते हुए अलर्ट जारी किया था

सीएस सुधांशु पंत ने 29 दिसंबर 2023 को केंद्र में मेडिकल सचिव रहते हुए सभी राज्यों के मेडिकल कॉलेज, नोटो, रोटो और सोटो को पत्र जारी लिखा था। इसमें डोनर और रिसीपेंट सूचीबद्ध कर सूचना मागी गई थी, ताकि इसमें खरीद-फरोख्त रोकी जा सके। इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 |
| चेन्नई | 7 | 4 | 3 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 |
| बेंगलोर | 8 | 1 | 7 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली

379 रन

बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह

13 विकेट

मुंबई

## खबर संक्षेप



### रमित गोयूना स्क्वाश में हारकर बाहर

**नई दिल्ली।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी रमित टंडन को मिस्र में एल गोयूना अंतरराष्ट्रीय ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के तीसरे दौर में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी डिएगो एलियास से हार का सामना करना पड़ा। शुरुआती दो दौर में शानदार प्रदर्शन करने वाले टंडन को 198,000 डॉलर पुरस्कार राशि के पीएसए प्लेटिनम स्क्वाश टूर्नामेंट में पेरू के खिलाड़ी ने 35 मिनट में 11-2, 11-4, 11-2 से हराया। विश्व रैंकिंग में 40वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी टंडन अगले महीने मिस्र में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप की तैयारी कर रहे हैं।

### भावेश और सिमरनप्रीत ने जीता ओलंपिक चयन ट्रायल



**नई दिल्ली।** भावेश शेखावत और सिमरनप्रीत कौर बरार ने पहले ओलंपिक चयन ट्रायल में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में ओएसटी 2 जीत लिया है। कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज पर चल रहे ट्रायल में भावेश ने फाइनल में 34 स्कोर किया और ओएसटी 1 के विजेता अनीश भानवाला (29) से आगे रहे। विजयवीर सिद्धू 22 हिट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में सिमरनप्रीत ने पांच पांच शॉट की पहली दस सीरिज में 37 स्कोर किया। उन्होंने ओएसटी 1 विजेता और ओलंपियन मनु भाकर को पछाड़ा जिन्होंने 35 स्कोर किया । ईशा सिंह 30 हिट के साथ तीसरे स्थान पर रही। रिदम सांगवान (24) चौथे और अभिंद्या पाटिल (16) पांचवें स्थान पर रही।

### स्टार्क सुपरस्टार, निवेश के नजरिए से नहीं सोचा



**कोलकाता।** मिशेल स्टार्क को इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में खराब प्रदर्शन के कारण आलोचना का सामना कर पड़ रहा है। सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी वेंकी मैसूर ने समर्थन करते हुए कहा कि वह इस अनुभवी खिलाड़ी को 'निवेश के दष्टिकोण' से नहीं देखते हैं। केकेआर ने आईपीएल नीलामी स्टार्क को रिकॉर्ड 24.75 करोड़ रुपए की बोली के साथ टीम में शामिल किया था। इसे हालांकि जोखिम भरा फैसला माना जा रहा था कि क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के पास सबसे छोटे प्रारूप में सीमित अनुभव था और वह नौ साल बाद आईपीएल में वापसी कर रहे थे।

# गुकेश की सफलता में छिपा है माता-पिता का त्याग, 'क्राउड फंडिंग' से चलाया खर्च

## पिता रजनीकांत ईएनटी सर्जन जबकि उनकी मां 'माइक्रोबायोलोजिस्ट' हैं

एजेंसी ▸▸| चेन्नई

युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में अपनी ऐतिहासिक जीत के बाद सुर्खियां बटोर रहे हैं लेकिन 17 साल के इस खिलाड़ी के सपने को हकीकत में बदलने के लिए उनके माता-पिता को कई त्याग करने पड़े। गुकेश शतरंज खेलना जारी रख सकें इसलिए उनके पिता को अपने करियर को रोकना पड़ा और खर्चों को पूरा करने के लिए 'क्राउड फंडिंग' का भी सहारा लेना पड़ा।

ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वह विश्व चैंपियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए। गुकेश के पिता रजनीकांत ईएनटी सर्जन है जबकि उनकी मां 'माइक्रोबायोलोजिस्ट' है।

### चौथी के बाद नहीं गए स्कूल

चिकित्सकों के परिवार से आने के बावजूद गुकेश बचपन से ही शतरंज को लेकर जुनूनी रहे हैं। उनके समर्पण को देखते हुए, उनके माता-पिता ने उन्हें चौथी कक्षा के बाद पूर्णकालिक स्कूल जाने से रोकने का फैसला किया। प्रसन्ना ने कहा, 'वह कुछ समय से किसी भी परीक्षा में नहीं बैठा है। इसलिए, मुझे नहीं लगता कि वह इस स्तर पर अकादमिक रूप से कुछ भी करने की कोशिश कर रहा है। मुझे नहीं पता कि वह इसमें वापस जाएगा या नहीं। उसकी मां हालांकि इस चीज को लेकर थोड़ी चिंतित जरूर रहती है।'



### नहीं था कोई प्रायोजक

गुकेश के पास कोई प्रायोजक नहीं था और उन्हें पुरस्कार राशि और 'क्राउड-फंडिंग' से अपने वित्त का प्रबंधन करना पड़ता था, लेकिन इन सबके बावजूद वह पिछले साल अपने आदर्श विश्वनाथन आनंद को पछाड़कर भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी बनने में सफल रहे।

### पिता का छूटा काम

रजनीकांत ने 2017-18 में अपने पेशे से विराम लिया और बेहद की कम बजट में अपने बेटे के साथ दुनिया भर का सफर पूरा किया। इस दौरान परिवार का खर्च चलाने की जिम्मेदारी उनकी मां ने उठाई। गुकेश के बचपन के कोच विष्णु प्रसन्ना ने कहा, 'उनके माता-पिता ने बहुत त्याग किए हैं। उनके पिता ने अपने करियर की लगभग बलि चढ़ा दी जबकि उनकी मां परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं। गुकेश और उनके पिता ज्यादातर समय यात्रा कर रहे होते हैं। यात्रा के कारण गुकेश के माता पिता को एक दूसरे से मिलने का भी मौका बेहद मुश्किल से मिलता है।'

### देश विदेश से मिल रही बधाइयां

'क्या शानदार जीत। सत्रह बरस की उम्र में फिडे कैंडिडेट्स जीतने वाला सबसे युवा खिलाड़ी। यहां से अब विश्व चैंपियनशिप का सफर और हर कदम पर हम तुम्हारे साथ हैं। जाओ इतिहास रच दो।'

\- **सचिन तेंदुलकर**, क्रिकेटर

'डी गुकेश को सबसे युवा चैलेंजर बनने पर बधाई।'

\- **कोनेरू हम्पी**

'गुकेश को कैंडिडेट्स जीतने पर बधाई । क्या शानदार टूर्नामेंट रहा। मैं पहले ही मुकाबले से जानता था कि वह खास है। वह 12 वर्ष की उम्र में ग्रैंडमास्टर बन चुका था। उसकी विश्लेषण क्षमता, परिपक्व रवैया और गणना के कौशल से मैं काफी प्रभावित हूं। भावी विश्व चैंपियन।'

\- डेविड होवेल, इंग्लैंड के ग्रैंडमास्टर

'गुकेश को बधाई और फेबि, इयान को शानदार प्रदर्शन के लिए खास पुरस्कार। सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक। सभी जांबाजों को बधाई। जिस तरह से उन्होंने खेला, वही सबसे अहम है।'

\- ब्लादीमिर क्रामनिक, पूर्व विश्व चैंपियन

आईपीएल

राजस्थान की लगातार तीसरी जीत

# संदीप-जायसवाल ने रॉयल्स को मुंबई इंडियन्स पर दिलाई जीत

एजेंसी ▸▸| जयपुर

संदीप शर्मा के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के शतक से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स को नौ विकेट से हराकर प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। इस जीत से रॉयल्स के आठ मैच में सात जीत से 14 अंक हो गए हैं और उसने अंक तालिका के शीर्ष पर चार अंक की मजबूत बढ़त बना ली है। मुंबई के आठ मैच में तीन जीत से सिर्फ छह अंक हैं और टीम सातवें स्थान पर चल रही है। मुंबई के 180 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जायसवाल (नाबाद 104) ने जोस बटलर (35) के साथ पहले विकेट के लिए 74 और कप्तान संजू सैमसन (28 गेंद में नाबाद 38, दो छक्के, दो चौके) के साथ दूसरे विकेट के लिए 109 रन की अटूट साझेदारी जिससे रॉयल्स ने आठ गेंद शेष रहते एक विकेट पर 183 रन बनाकर जीत दर्ज की। जायसवाल ने 60 गेंद की अपनी पारी में नौ चौके और सात छक्के मारे। मुंबई इंडियन्स ने इससे पहले तिलक वर्मा (45 गेंद में तीन छक्कों और पांच चौकों से 65 रन) के अर्धशतक और निहाल वढेरा (49) के साथ उनकी पांचवें विकेट की 99 रन की साझेदारी से



खराब शुरुआत से उबरते हुए नौ विकेट पर 179 रन बनाए। वढेरा ने 24 गेंद का सामना करते हुए चार छक्के और तीन चौके मारे। रॉयल्स की तरफ से संदीप शर्मा (18 रन पर पांच विकेट) ने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की। ट्रेंट बोल्ट (32 रन पर दो विकेट) ने उनका अच्छा साथ निभाते हुए दो विकेट चटकाए। युजवेंद्र चहल (48 रन पर एक विकेट) और आवेश खान (49 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट हासिल किया लेकिन दोनों काफी महंगे साबित हुए।

### मुंबई-179/9 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रोहित का सैमसन बो बोल्ट | 06 |
| इशान का सैमसन बो संदीप | 00 |
| सूर्यकुमार का पावेल बो संदीप | 10 |
| तिलक वर्मा का पावेल बो संदीप | 65 |
| मोहम्मद नबी का एवं बो चहल | 23 |
| निहाल वढेरा का संदीप बो बोल्ट | 49 |
| हार्दिक पगबाधा बो आवेश | 10 |
| टिम डेविड का पराग बो संदीप | 03 |
| गेराल्ड का हेटमायर बो संदीप | 00 |
| पीयूष चावला नाबाद | 01 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 02 |

अतिरिक्तः 10

कुलः20 ओवर में नौ विकेट परः 179 रन

विकेट पतनः 1-6, 2-6, 3-20, 4-52, 5-151, 6-170, 7-176, 8-176, 9-177

गेंदबाजीः बोल्ट 4-0-32-2, संदीप 4-0-18-5, आवेश 4-0-49-1, अश्विन 4-0-31-0, चहल 4-0-48-1

### राजस्थान-183/1 (18.4)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 104 |
| जोस बटलर बो चावला | 35 |
| संजू सैमसन नाबाद | 38 |

अतिरिक्तः 06

कुलः18.4 ओवर में एक विकेट परः 183 रन

विकेट पतनः 1-74

गेंदबाजीः पंड्या 2-0-21-0, बुमराह 4-0-37-0, तुषारा 3-0-28-0, कोएट्जी 2-0-25-0, नबी 3-0-30-0, चावला 4-0-33-1, वर्मा 0.4-0-8-0



### लखनऊ से बदला चुकता करने उतरेगी सीएसके

**चेन्नई।** गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स अपने गढ़ चेपॉक स्टेडियम पर मंगलवार को लखनऊ सुपर किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का बदला चुकता करने के साथ अंकतालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने का भी होगा। पिछली बार दोनों टीमों का सामना पिछले सप्ताह लखनऊ में हुआ था। केएल राहुल और क्विंटोन डिकॉक ने पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड साझेदारी की थी जिसके दम पर लखनऊ ने जीत दर्ज की। दोनों टीमों के सात मैचों में आठ अंक हैं। चेन्नई सुपर किंग्स का अभेद्य किला रहा है चेपॉक और अब उसे यहां लगातार तीन मैच खेलने हैं। दूसरे मैदान पर हारने के बाद अब उनकी नजरें अपने घर पर तीनों मैच जीतकर प्लेआफ का दावा पुख्ता करने पर लगी होंगी। चेन्नई के लिए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे ने अधिकांश रन बनाए हैं। लखनऊ के खिलाफ उनके नाकाम रहने से चेन्नई को अच्छी शुरुआत नहीं मिल सकी और बीच के ओवरों में टीम जूझती नजर आई। सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र का फॉर्म चिंता का विषय है।

खास खबर

## इथोपियाई धावक वोंडेमेगेन पर पांच साल का प्रतिबंध



**मोनाको।** टोक्यो ओलंपिक की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने वाली इथोपिया की धावक जेरफे वोंडेमेगेन को दो प्रतिबंधित पदार्थों के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद पांच साल के लिए प्रतिबंधित किया गया है। वोंडेमेगेन पिछले साल मामूली अंतर से विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने से चूक गईं थी। एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने सोमवार को अपने आदेश में कहा कि वोंडेमेगेन के नमूनों में टेस्टोस्टोरोन और ईपीओ के अंश मिले हैं जो रक्त को अधिक ऑक्सीजन ले जाने में मदद करते हैं। वोंडेमेगेन ने डोपिंग रोधी नियमों को तोड़ने की बात स्वीकार कर ली है। वोंडेमेगेन 2021 टोक्यो ओलंपिक में आठवें स्थान पर रहीं थी जबकि बुडापेस्ट में 2023 विश्व चैंपियनशिप में उन्होंने चौथा स्थान हासिल किया था।

### मध्यक्रम के बल्लेबाजों को और बनाने होंगे रन

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स के गेंदबाजी कोच चार्ल लांगेवेल्ट ने गुजरात टाइटंस के हाथों आईपीएल के मैच में तीन विकेट से हार के बाद कहा कि मध्यक्रम के बल्लेबाजों को और रन बनाने होंगे। लांगेवेल्ट ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'निराशाजनक। खिलाड़ी, स्टाफ और प्रशंसक सभी दुखी हैं। हमने गेंदबाजी अच्छी की, पावरप्ले में बल्लेबाजी भी अच्छी थी लेकिन बीच के ओवरों में हमारे बल्लेबाज उनके स्पिनरों के सामने जूझते दिखे। मध्यक्रम को और रन बनाने होंगे। हम इस विकेट पर 20 रन पीछे रह गए।'

# बर्लिन में आखिरी बार लीवर कप में खेलेंगे रफेल नडाल

एजेंसी ▸▸| बर्लिन

महान टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल ने सोमवार को कहा कि वह सितंबर में बर्लिन में लीवर कप में खेलेंगे जो 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन के आखिरी टूर्नामेंटों में से एक हो सकता है।

नडाल ने संकेत दिया है कि 2024 एटीपी टूर पर उनका आखिरी साल हो सकता है। उन्होंने पिछले हफ्ते बार्सीलोना ओपन में एलेक्स डि मिनोर के खिलाफ दूसरे दौर में हार के बाद कहा था कि यह शायद यहां उनका आखिरी मैच था। नडाल ने बार्सीलोना में 12 बार खिताब जता।



नडाल ने बयान में कहा, 'अपने करियर के इस चरण में मैं वास्तव में वहां जाना चाहता हूं और मुझे दिए गए हर अवसर का अधिकतम लाभ उठाना चाहता हूं।' स्पेन का यह 37 वर्षीय सुपरस्टार लंबे समय से चोटों से जूझ रहा है और उन्होंने इस साल सिर्फ पांच प्रतिस्पर्धी मैच खेले हैं, तीन जनवरी में ब्रिसबेन में और दो पिछले हफ्ते बार्सीलोना में। इस साल 20-22 सितंबर तक आयोजित होने वाला लीवर कप एक इनडोर हार्डकोर्ट पुरुष प्रतियोगिता है जो गोल्फ के राइडर कप के समान प्रारूप में विश्व टीम और यरोप टीम के बीच खेली जाती है।

### भाग्यशाली थे कि कोहली का विकेट मिल गया

*__कोलकाता।__ कोलकाता नाइट राइडर्स के विकेटकीपर फिल सॉल्ट ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उनकी टीम खुशकिस्मत थी कि विराट कोहली के विकेट का फैसला उनके पक्ष में रहा। केकेआर ने इस रोमांचक मुकाबले में आरसीबी को एक रन से हराया। कोहली लक्ष्य का पीछा करते हुए सात गेंद में 18 रन बनाकर तीसरे ओवर में हर्षित राणा की फुलटॉस गेंद पर गेंदबाज को कैच देकर आउट हुए। उनकी टीम जीत के लिए 223 रन का पीछा करते हुए एक रन से मैच हार गई।*



### रूड ने जीता बार्सीलोना ओपन...



**बार्सीलोना।** नॉर्वे के कैस्पर रूड ने स्टेफानोस सिटसिपास से मोंटे कार्लो मास्टर्स फाइनल में मिली पिछली हार का बदला चुकता करते हुए बार्सीलोना ओपन टेनिस फाइनल में सीधे सेटों में हरा दिया। रूड ने 7–5, 6–3 से जीत दर्ज करके सत्र का पहला खिताब अपने नाम किया। वह इस साल तीन अन्य फाइनल हार चुके हैं। यह उनके कॅरियर का 11वां खिताब और क्लेकोर्ट पर दसवां खिताब है। पिछली बार उन्होंने अप्रैल 2023 में एस्टोरिल में खिताब जीता था। पिछले साल फ्रेंच ओपन में उपविजेता रहे रूड की नजरें अब रोलां गैरो पर खिताबी जीत दर्ज करने पर लगी है।

फुलटॉस गेंद पर आउट होने के बाद अंपायर से किया था बहस

# कोहली पर मैच फीस का लगा 50 फीसदी जुर्माना

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने के लिए उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया।

कोहली लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे ओवर में हर्षित राणा की फुलटॉस गेंद पर आउट करार दिए गए थे। इस गेंदबाज ने ही कोहली का कैच लपका। इस मैच में केकेआर की टीम ने रविवार को सात विकेट पर 222 रन बनाने के बाद एक रन से रोमांचक जीत दर्ज



की। इंडियन प्रीमियर लीग में नो-बॉल को ऊंचाई से मापने वाली 'हॉक-आई प्रणाली' लागू है। इसके तहत क्रीज में बल्लेबाज के कमर की ऊंचाई से गेंद की ऊंचाई का आकलन कर नो बॉल का फैसला किया जाता है। कोहली के बल्ले से जब गेंद का संपर्क हुआ था तब गेंद उनके कमर के ऊपर की ऊंचाई पर थी। वह हालांकि इस समय क्रीज से बाहर थे और गेंद नीचे की ओर आ रही थी। टीवी अंपायर माइकल गॉफ ने ऊंचाई की जांच की और हॉक-आई ट्रैकिंग के अनुसार, अगर कोहली क्रीज में होते तो गेंद कमर के पास 0.92 मीटर की ऊंचाई से गुजरी होती। इस स्थिति में गेंद कोहली की कमर की ऊंचाई से नीचे होती। ऐसे में गॉफ ने बॉल ट्रैकिंग के पैमाने पर गेंद की ऊंचाई को कोहली की कमर की ऊंचाई से नीचे पाया और उन्हें आउट करार दिया। कोहली हालांकि इस फैसले से सहमत नहीं दिखे उन्होंने गुस्से जैसी प्रतिक्रिया के साथ मैदानी अंपायर से बात की।

### डुप्लेसी पर लगा 12 लाख रुपए का जुर्माना

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डु प्लेसी पर आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में 12 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया जबकि पंजाब किंग्स के कप्तान सैम कुरेन पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। डु प्लेसी कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आरसीबी की एक रन से पराजय में धीमी ओवरगति के दोषी पाए गए थे। दूसरी ओर कुरेन पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2.8 के तहत लेवल एक के अपराध के लिए मैच फीस का आधा जुर्माना लगाया गया। यह अपराध अंपायर के फैसले पर असंतोष जताने के संदर्भ में है।

# हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी

एजेंसी ▸▸| कराची

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि अगर भारत अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजेगा तो पीसीबी उसके साथ द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने के तैयार है।

लाहौर में एक कार्यक्रम में पत्रकारों से बात करते हुए नकवी से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के हालिया साक्षात्कार के बारे में पूछा गया जिसमें उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट टीम की प्रशंसा की और कहा कि दोनों पड़ोसी देशों का विदेश में टेस्ट श्रृंखला खेलना 'शानदार' होगा। नकवी ने कहा, 'देखिए, अगर



इस संबंध में कोई विकल्प आता है तो हम उस पर विचार करेंगे लेकिन अभी हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करना है और पहले भारत को टूर्नामेंट के लिए आने देना है।'

# दीवाली का पहला दीया...होली का पहला रंग भारत के रक्षकों के नाम हो

एजेंसी ▶▶ लद्दाख

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को लद्दाख में सियाचिन ग्लेशियर के कुमार पोस्ट पर तैनात सशस्त्र बल के जवानों के साथ बातचीत की। राजनाथ सिंह ने कहा कि मेरे अनुसार दीपावली का पहला दीया, होली का पहला रंग भारत के रक्षकों के नाम होना चाहिए। हमारे सैनिकों के साथ होना चाहिए। उन्होंने सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर बहादुरों को पुष्पांजलि अर्पित की। रक्षा मंत्री का इस साल होली पर लद्दाख जाने का कार्यक्रम था लेकिन खराब मौसम के चलते स्थगित हो गया था।*



1 सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर बहादुरों को पुष्पांजलि अर्पित की

2 सियाचिन की धरती राष्ट्रीय संप्रभुता और दृढ़ता का एक मूर्त प्रतीक

3 लद्दाख पहुंचे रक्षा मंत्री जवानों से मिले

4 यह जगह है भारतीय पराक्रम का मंदिर



### पर्व-त्योहार पहले सियाचिन की चोटियों पर मनाएं

राजनाथ सिंह ने कहा कि हम सब जानते है भारत में परम्परा है कि हमारे यहां कोई शुभ अवसर आता है उसकी शुरुआत हम अपने आराध्य की पूजा-अर्चना के साथ करते हैं। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहार पहले सियाचिन की चोटियों पर मनाए जाने चाहिए। राजस्थान के तपते रेगिस्तान में मनाए जाने चाहिए, हिन्द महासागर की गहराई में स्थित पनडुब्बी में जवानों के साथ मनाए जाने चाहिए।

### यह शौर्य और पराक्रम की राजधानी

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सियाचिन को भारत के शौर्य और पराक्रम की राजधानी कहा। सिंह ने सियाचिन ग्लेशियर के कुमार पोस्ट पर तैनात सशस्त्र बल के जवानों से बातचीत की। राजनाथ सिंह ने कहा आप दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर पर जिस तरह से देश की रक्षा करते हैं उसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं। यह हमारे राष्ट्रीय संकल्प का प्रतिनिधित्व करता है। हमारी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली है, मुंबई हमारी आर्थिक राजधानी है और हमारी तकनीकी राजधानी बेंगलुरु है। सियाचिन भारत के शौर्य और पराक्रम की राजधानी है।*


## खबर संक्षेप

### इजराइल सैन्य खुफिया प्रमुख ने दिया इस्तीफा




**तेल अवीव।** इजराइली सेना ने सोमवार को कहा कि उसके खुफिया कोर के प्रमुख ने हमास के पिछले साल 7 अक्टूबर के हमले को लेकर इस्तीफा दे दिया है। सैन्य खुफिया प्रमुख अहरोन हलीवा हमास के हमले संबंधी विफलता को लेकर पद छोड़ने वाले पहले वरिष्ठ इजराइली अधिकारी हैं। हलीवा ने कहा था कि उस हमले को नहीं रोक पाए थे।

### अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन जाएंगे चीन




**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन 24 से 26 अप्रैल तक चीन की यात्रा पर रहेंगे। ब्लिंकन चीनी अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए मिलेंगे। मध्य पूर्व संकट, यूक्रेन के खिलाफ रूस का युद्ध, क्रॉस-स्ट्रेट मुद्दे और साउथ चाइना सी पर भी मुलाकात होगी। इस मुलाकात से किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं निकलेगा।

### बाल्टीमोर बंदरगाह जाने खोला अस्थायी चैनल



**बाल्टीमोर।** बाल्टीमोर बंदरगाह तक नौकाओं के आने और जाने के लिए एक तीसरा अस्थायी चैनल खोला गया है। फ्रांसिस स्काट ब्रिज का एक हिस्सा ढह जाने से बंदरगाह तक पहुंच में अवरोध उत्पन्न हो गया था। ब्रिज के ढह गए भागों को पुनर्निर्माण से पहले बचाने का प्रयास जारी है। ढह गए ब्रिज के उत्तर-पूर्व में स्थित वैकल्पिक चैनल व्यावसायिक रूप से जहाजों के लिए खोला गया है।

### बाइडेन ने महावीर जयंती की दी बधाई



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने महावीर जयंती के अवसर पर जैन धर्म के लोगों को शुभकामनाएं दीं। बाइडेन ऐसा करने वाले वह पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बन गए हैं। बाइडेन ने कहा कि मैं और जिल जैन धर्म के लोगों को शुभकामनाएं देते हैं। आइए आज हम महावीर स्वामी के मूल्यों को अपनाएं और प्यार, खुशी एवं सद्भाव फैलाकर उनका जश्न मनाएं।

### ईरानी राष्ट्रपति के बयान पर पाकिस्तान ने बोला था सफेद झूठ

# पाक के झूठ का पर्दाफाश, ईरानी राष्ट्रपति रायसी ने कश्मीर का नाम तक नहीं लिया

*ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व से मिलने के लिए तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर सोमवार को इस्लामाबाद पहुंचे हैं।*

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी सोमवार को पाक के तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने इस्लामाबाद में पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की है। पाक ने अपने संयुक्त बयान में दावा किया है कि ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने कश्मीर के मुद्दे पर पाक के रूख का समर्थन किया है।

हालांकि, सच्चाई यह है कि मीडिया के साथ अपने बातचीत के दौरान रायसी ने एक बार भी कश्मीर का नाम नहीं लिया। पाक के इस झूठ का खुलासा खुद कई वरिष्ठ पाकिस्तानी पत्रकारों ने किया है। उन्होंने कहा है कि ईरानी राष्ट्रपति ने अपने पूरे बयान में एक बार भी कश्मीर का नाम नहीं लिया।

#### दोनों देशों के संबंधों को सुधारने पर देंगे जोर



- *पाकिस्तान बोला- ईरानी राष्ट्रपति ने कश्मीर मुद्दे का समर्थन किया*
- *इस झूठ का खुलासा वहां के कई वरिष्ठ पाकिस्तानी पत्रकारों ने किया*
- *इजराइल से तनाव के बीच पाकिस्तान पहुंचे ईरानी राष्ट्रपति*

#### पाक ने क्या कहा?

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने दौरे पर आए ईरान के राष्ट्रपति के समक्ष कश्मीर मुद्दा उठाया। कश्मीर मुद्दे का समर्थन करने के लिए ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी को धन्यवाद भी दिया। ईरान के राष्ट्रपति ने गाजा पट्टी पर कहा कि उनका देश उत्पीड़न के खिलाफ सभी यूएनएससी प्रस्तावों के साथ है। ईरानी राष्ट्रपति रायसी और पीएम शहबाज आतंकवाद को खत्म करने के लिए संयुक्त प्रयासों पर सहमत हुए।

#### अमेरिकी सैन्य अड्डे पर इराक ने दागे 5 रॉकेट

इराक के जुम्मर शहर से उत्तरपूर्वी सीरिया में अमेरिकी सैन्य अड्डे की ओर कम से कम 5 रॉकेट दागे गए। अमेरिकी सेना के खिलाफ फरवरी की शुरुआत के बाद ये पहला हमला है, जब इराक में ईरानी समर्थित समूहों ने अमेरिकी सैनिकों के खिलाफ अपने हमले रोक दिए थे। यह हमला इराकी प्रधान मंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी के अमेरिका की यात्रा से लौटने और व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात के एक दिन बाद हुआ है। एक छोटे ट्रक के पीछे लगा एक रॉकेट लॉन्चर सीरिया के सीमावर्ती शहर जुम्मर में तैनात किया गया था। जिस समय विमान आसमान में थे, उसी समय विस्फोट के साथ ट्रक में आग लग गई।

#### यात्रा पर अमेरिका की नजर

ईरान के राष्ट्रपति रायसी पाकिस्तान की 3 दिवसीय आधिकारिक यात्रा को लेकर विदेशी मीडिया भी नजर बनाए हुए है। पाकिस्तान के रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि ईरान-इजराइल तनाव के बीच रायसी की इस यात्रा पर संयुक्त राज्य अमेरिका की भी नजर है।

#### क्या 18 अरब डॉलर का जुर्माना करेंगे माफ?

ईरान और पाकिस्तान एक गैस पाइपलाइन बिछा रहे हैं और ईरान अपने हिस्से का काम पूरा कर चुका है, लेकिन पाक अमेरिका के डर से उस डील से दूर रहा है। गैस पाइपलाइन प्रोजेक्ट को पाक ने सालों तक लटकाए रखा और जब ईरान ने पाक पर प्रोजेक्ट पर देरी वरतने पर 18 अरब डॉलर जुर्माना लगाने की धमकी दी, तो उसने आनाकानी करते हुए प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए अमेरिका की इजाजत मांगी। लेकिन, ईरान-इजराइल संघर्ष के बाद इस मसले पर कोई खास काम नहीं हो पाया। इस मसले पर दोनों देशों में बातचीत हो सकती है।

### एनआईए ने की बड़ी कार्रवाई

## ड्रोन से हथियार गिराने के मामले में श्रीनगर में 9 स्थानों पर मारे छापे




एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू कश्मीर में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की है। एएनआई ने आतंकवाद से जुड़े एक मामले में श्रीनगर में 9 स्थानों पर छापा मारा है। ये कार्रवाई ड्रोन से हथियार गिराने के मामले में की गई है। पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए जम्मू में हथियार भिजवाए गए थे, जिसका इस्तेमाल आतंकी वारदातों के लिए किया जा रहा था। इस पूरे मामले में एनआईए इस वक्त 9 जगहों पर छापेमारी कर रही है। एनआईए के अधिकारियों ने पुलिस और सीआरपीएफ के साथ मिलकर छापेमारी शुरू की।

#### कई ट्रांसपोर्टर्स पर कसा शिकंजा

अशंका है कि यह एक बड़ा गठजोड़ है जिसमें कई सारे ट्रांसपोर्टर हैं जो जम्मू कश्मीर में काम करते हैं। इनमें उनका नाम भी सामने आ रहा है। इसके अलावा कई सारे आतंकवादी संगठनों से जुड़े लोग भी हैं जिनका नाम सामने आ रहा है। यही कारण है कि एनआईए नौ जगह पर छापेमारी की कार्रवाई लगातार कर रही है।

#### स्लीपर सेल को कर रहे थे एक्टिव

जम्मू कश्मीर के अंदर कई सारे आतंकवादी संगठन अपने स्लीपर सेल को एक्टिव करने की कोशिश करने में लगे हैं। यह समय इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि इस समय में देश में लोकसभा चुनाव भी चल रहा है। ऐसे में एनआईए की यह छापेमारी बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस दौरान एनआईए ने कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है जिनसे पूछताछ जारी है।

### 93 में से 66 सीटों पर जमाया कब्जा

## मालदीव के आम चुनाव में चीन समर्थक मुइज्जू की बड़ी जीत

एजेंसी ▶▶ माले

मालदीव में संसदीय चुनाव के नतीजे में चीन समर्थक राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) ने करीब दो तिहाई बहुमत के साथ शानदार जीत हासिल की है। इस चुनाव को देश के राष्ट्रपति मुइज्जू के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिनकी नीतियों पर मालदीव में प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहे भारत और चीन की नजर रहती है। कुल 93 सीटों में से मुइज्जू की पार्टी को 66 सीटों पर जीत मिली हैं। इसके आलावा 6 सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवारों की भी जीत हुई है। मालदीव में रविवार को चुनाव हुआ था।



**भारत को झटका...**मालदीव के चुनाव में मुइज्जू की पार्टी की जीत को भारत के लिए झटका माना जा रहा है। मुइज्जू चीन के समर्थन में लगातार बयान देते रहे हैं। अभी उनका संसद में बहुमत नहीं होने के कारण मुइज्जू के लिए नए कानून बनाने में दिक्कतें पेश आ रही थीं। मालदीव में चुनाव के लिए कुल 2,07,693 लोगों ने मतदान किया। इस बार कुल 72.96 प्रतिशत मतदान हुआ।

### प्रशिक्षण 2 मई से होगा शुरू

## केरल के 80 हजार शिक्षक लेंगे 'एआई' का प्रशिक्षण

एजेंसी ▶▶ केरल

केरल सरकार शिक्षकों के लिए 3 दिवसीय आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस (एआई) प्रशिक्षण 2 मई से आयोजित करने जा रही है। केरल इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड टेक्नोलॉजी फॉर एजुकेशन द्वारा प्रशिक्षण का लक्ष्य कक्षा 8 से 12 के 80,000 शिक्षकों को अगस्त तक एआई विशेषज्ञता से लैस कर सशक्त बनाना है। उन्हें पीडीएफ, इमेज और वीडियो में जटिल दस्तावेजों को सरल बनाने और संक्षिप्त सारांश के लिए एआई टूल का उपयोग सिखाया जाएगा।

#### शिक्षक एआई से सीखेंगे डेटा विजुअलाइजेशन



डेटा विजुअलाइजेशन के माध्यम से शिक्षक विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने वाली तालिकाओं, ग्राफ और चार्ट को बनाने और अनुकूलित करने के साथ-साथ प्रस्तुतियां और एनिमेशन बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करना सीखेंगे।

### अब चीन-पाक की खैर नहीं

## मिसाइलों से लैस होगा 'जगुआर'



**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना अपने जगुआर लड़ाकू विमानों को नई पीढ़ी की घातक मिसाइलों से लैस करने जा रही है। भारतीय जगुआर अमेरिकी एफ-35 वाली मिसाइलों से लैस होगा। ये मिसाइलें क्लोज कॉम्बेट के दौरान दुश्मन के लड़ाकू विमान पर भारी पड़ेंगी। भारत वर्तमान में बड़ी संख्या में जगुआर विमानों को ऑपरेट करता है। भारतीय वायु सेना अपने 1970 के दशक के सेपेकैट जगुआर लड़ाकू विमान को नया जीवन देने के बाद उन्हें नई पीढ़ी की क्लोज कॉम्बैट मिसाइलों के साथ लैस करने पर विचार कर रही है। जगुआर भारतीय वायु सेना का डीप पेनिट्रेशन स्ट्राइक एयरक्राफ्ट है। राफेल के पहले तक यह परमाणु हमला करने में सक्षम भारत का एकमात्र एयरक्राफ्ट था।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फैयाज की हैवानियत का हुआ बड़ा खुलासा

# 30 सेकंड में नेहा पर 14 वार, गला काटने की भी कोशिश की

एजेंसी ▶▶ हुबली

कर्नाटक के हुबली में नेहा हिरेमथ की हत्या का मामला गरमाता जा रहा है। अब नेहा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने से फैयाज की हैवानियत का खुलासा हुआ है। उसे केवल 30 सेकंड में 14 बार चाकू मारा गया था, पुलिस सूत्रों ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। आरोपी फैयाज ने नेहा की छाती और गर्दन पर चाकू मारा था। नेहा की गर्दन पर कई बार वार किए गए और इसी कारण उसकी नसें कट गईं, जिससे बड़ी मात्रा में खून बह गया, जिससे नेहा ने दम तोड़ दिया।

*आरोपी फैयाज ने नेहा को बड़ी बेरहमी से मारा था। उसने छाती और गर्दन पर चाकू मारा था। नेहा की गर्दन पर कई बार वार किए गए।*

#### खास बातें

- 18 अप्रैल को कॉलेज परिसर में पूर्व सहपाठी फैयाज ने की थी हत्या
- कट गईं थी खून की नसें, खून बहने से हो गई थी मौत



#### नेहा हीरेमथ हत्या मामले की सीबीआई जांच की मांग

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नेहा हीरेमथ हत्या मामले में सीबीआई जांच की मांग की। उन्होंने नेहा हिरेमथ के घर पहुंच कर परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मैंने नेहा के पिता से जो सुना और उनकी मां ने जो बताया वह अंदर तक झकझोर कर देने वाला है।

#### धर्म परिवर्तन का दबाव

नेहा हिरेमथ हुबली के बीवीबी कॉलेज में एमसीए की पढ़ाई कर रही थी। उसकी हत्या प्रेमी फैयाज कोंडिकोप्पा ने की थी। दोनों बीसीए में साथ पढ़ते थे और दोस्त थे। नेहा के पिता ने कहा कि आरोपी कई सालों से उनकी बेटी का धर्म परिवर्तन कराना चाहता था।

#### छाती और पेट पर हमला किया


पुलिस सूत्रों ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि पहले नेहा की छाती और पेट पर हमला किया, लेकिन जैसे ही वह गिर गई, फैयाज ने उसके पूरे शरीर पर लगातार चाकू से वार करना शुरू कर दिया। आरोपी ने उसका गला काटने की भी कोशिश की थी।

### सिलेंडर फटने से कांस्टेबल की मौत

## मुजफ्फरपुर स्टेशन पर खड़ी ट्रेन में अचानक लग गई आग

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरपुर

मुजफ्फरपुर जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर 5 पर बड़ा हादसा हुआ है। यहां वलसाड एक्सप्रेस ट्रेन में आग लग गई। इस दौरान ट्रेन में लगी आग को बुझाने के चक्कर में एक आरपीएफ जवान की मौत हो गई। छोटे फायर सिलेंडर में ब्लास्ट होने की वजह से आरपीएफ जवान विनोद कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद जंक्शन पर हड़कंप मच गया। वलसाड एक्सप्रेस सोमवार की सुबह साढ़े छह बजे मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पर आई थी। कुछ देर बाद ट्रेन की एस-8 बोगी के शौचालय में आग लपटें निकलने लगीं। कांस्टेबल विनोद कुमार आरा नगर क्षेत्र के रहने वाले थे।



आरपीएफ जवान विनोद कुमार भी आग पर काबू पाने के लिए पहुंचे। उन्होंने फायर सिलेंडर से आग पर काबू पाने की कोशिश पाने लगे। एक फायर सिलेंडर खत्म हो गया, लेकिन आग की लपटें कम नहीं हुई। इसी बीच उन्होंने दूसरे फायर सिलेंडर से आग पर काबू पाने की कोशिश की।

ऑनलाइन स्टांप खरीदने की व्यवस्था से आमजन परेशान

## 50 से 500 रुपए के स्टांप के लिए 10 मिनट तक करना पड़ रहा है इंतजार



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** प्रदेश में मोबाइल एप से स्टाम्प बेचने की प्रक्रिया में खामियों के चलते स्टांप खरीदारों को भी परेशानी हो रही है। मोबाइल एप धीरे काम करने के कारण एक स्टांप को खरीदने में 5 से 10 मिनट तक का समय लग रहा है। ऐसे में आमजन के लिए 50 से 500 रुपए तक का स्टांप खरीदने में लोगों को परेशानी हो रही है। प्रदेश में एक अप्रैल से ऑनलाइन स्टाम्प बेचे जा रहे हैं। 500 रुपए तक के स्टांप किराया नामा बनाने, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति पंजीयन, गिफ्ट डीड, वसीयत, बिजली-पानी के कनेक्शन, पासपोर्ट बनाने और इकरारनामा तैयार करने के उपयोग में होते है। अकेले जयपुर में ही प्रतिदिन 50 लाख रुपए तक के स्टांप की बिक्री होती है। राजस्थान लाइसेंस स्टाम्प वेंडर्स एसोसिएशन के सचिव महेश झालानी ने बताया कि राज्य सरकार बिना कोई तैयारी के मोबाइल एप से स्टाम्प बेचने को बाध्य कर रही है, विभाग के स्तर पर इसकी कोई तैयारी नहीं है। जयपुर में रोज 50 लाख रुपए के छोटे स्टांप खरीदे जाते हैं।

### इंटरनेट की स्पीड बन रही है परेशानी

एप के माध्यम से स्टांप बेचने में इंटरनेट की स्पीड परेशानी का कारण बन रही है। सुबह 9 से शाम 4 बजे तक एप पर लोड बढ़ने से एप काम नहीं करता। स्टांप खरीदार की सभी जानकारियां ऑनलाइन भरी जाती है। इसके बाद प्रिंट कर स्टांप बेचा जाता है जिसमें 10 मिनट का समय लग रहा है। इस बीच मोबाइल में कोई फोन आ जाता है तो प्रक्रिया वापस से शुरू करनी पड़ती है। खरीदारी करने वालों को भी इंतजार करना पड़ रहा है।

### पायलट प्रोजेक्ट में ही सामने आ गई थी कमियां

पंजीयन मुद्रांक विभाग ने जनवरी-2023 को मोबाइल एप से स्टाम्प बेचने के लिए हनुमानगढ़, उदयपुर और जोधपुर में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इस योजना को लागू किया था। इस दौरान स्टांप विक्रेताओं ने विभाग को एप की कमियों को लेकर कई बार शिकायतें की, लेकिन विभाग ने खामियों पर ध्यान नहीं दिया।

## लूप लाईन निर्माण कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावितः कई ट्रेन आंशिक रद्द, कुछ के मार्ग किए परिवर्तित



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जोधपुर मण्डल पर मेडता रोड-बीकानेर रेलखण्डों के मध्य पालना स्टेशन पर लूप लाईन के निर्माण कार्य के कारण नॉन इण्टरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। इस कार्य हेतु रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित निम्न रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी-

### आंशिक रद्द रेलसेवाऐं (प्रारम्भिक स्टेशन से)

गाडी संख्या 14721, जोधपुर-बठिण्डा रेलसेवा दिनांक 23.04.24 व 24.04.24 को जोधपुर के स्थान पर बीकानेर स्टेशन से संचालित होगी अर्थात् यह रेलसेवा जोधपुर-बीकानेर के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

गाडी संख्या 14722, अबोहर-जोधपुर रेलसेवा दिनांक 22.04.24 व 23.04.24 को अबोहर से प्रस्थान करेगी वह बीकानेर तक संचालित होगी अर्थात् यह रेलसेवा बीकानेर-जोधपुर के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

मार्ग परिवर्तित रेलसेवाएं

गाडी संख्या 19225, जोधपुर-जम्मूतवी रेलसेवा जो दिनांक 23.04.24 को जोधपुर से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग वाया फलौदी-लालगढ होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा फलौदी स्टेशन पर ठहराव करेगी।

गाडी संख्या 19226, जम्मूतवी- जोधपुर रेलसेवा जो दिनांक 22.04.24 को जम्मूतवी से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग वाया लालगढ- फलौदी होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा फलौदी स्टेशन पर ठहराव करेगी।

गाडी संख्या 19719, जयपुर-सूरतगढ रेलसेवा जो दिनांक 23.04.24 व 24.04.24 को जयपुर से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग वाया जयपुर-रींगस-सीकर-चूरू-बीकानेर होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा श्रीडूंगरगढ, रतनगढ, चूरू, फतेहपुर शेखावाटी, सीकर, रींगस, ढेहर का बालाजी पर ठहराव करेगी।

गाडी संख्या 19720, सूरतगढ-जयपुर रेलसेवा जो दिनांक 23.04.24 व 24.04.24 को सूरतगढ से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग वाया बीकानेर-चूरू-सीकर-रींगस-जयपुर होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा श्रीडूंगरगढ, रतनगढ, चूरू, फतेहपुर शेखावाटी, सीकर, रींगस, ढेहर का बालाजी पर ठहराव करेगी।

मैच के पास के लिए मंत्री के घर लगी भीड़

# काबू करने के लिए बुलानी पड़ी पुलिस, एसएमएस स्टेडियम में दिखा रोहित शर्मा का क्रेज

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन का जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आज आखिरी मैच खेला गया। इसमें राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को 9 विकेट से हरा दिया है। रोहित शर्मा को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग स्टेडियम पहुंचे थे, लेकिन वो पहले ही ओवर में आउट हो गए।

वहीं, दूसरी तरफ मैच के फ्री पास के लिए खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के घर समर्थकों की भीड़ लग गई। इस दौरान भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस बुलानी पड़ी।

### भीड़ को काबू करने के लिए मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के घर पहुंची पुलिस



मुंबई और राजस्थान के मैच के फ्री पास के लिए मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के घर लगी लोगों की भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस बुलानी पड़ी। इसके बाद पुलिस ने लोगों को समझाया।

### पॉइंट टेबल में टॉप पर है राजस्थान की टीम

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन में अब तक मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच एक मुकाबला मुंबई में खेला जा चुका है। इसमें रॉयल्स ने शानदार जीत हासिल की थी।

वहीं, इस लीग में अब तक दोनों ही टीमें सात-सात मैच खेल चुकी है। इसमें रॉयल्स की टीम 6 मैच जीतकर पॉइंट टेबल में नंबर वन पर है। वहीं, मुंबई इंडियंस की टीम सात में से महज तीन मैच जीतकर सातवें नंबर पर है।

### फ्री पास के लिए मंत्री के घर लगी भीड़

मैच के फ्री पास के लिए खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के घर पर आम जनता और समर्थकों की भीड़ लग गई।

### फैंस बोले- मुंबई नहीं रोहित को सपोर्ट करने आए हैं

अजमेर से आए रोहित के फैंन बोले- हम मैच देखने नहीं आए, रोहित शर्मा को देखने आए हैं। पहले हम मुंबई को सपोर्ट करते थे। जब से हार्दिक पांड्या कैप्टन बना है। हम मुंबई नहीं सिर्फ रोहित शर्मा का मैच देखते हैं। रोहित शर्मा के आउट होते ही मैच हमारे लिए खत्म हो जाएगा। फिर राजस्थान रॉयल्स को सपोर्ट करेंगे।

भीख मंगवाने के लिए बच्चे का अपहरण करने वाले गिरफ्तार

# विद्याधर नगर थाना पुलिस ने नाबालिग का अपहरण करने वाले दो बदमाशों को पकड़ा

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** विद्याधर नगर थाना पुलिस ने भीख मंगवाने के लिए घर के बाहर खेल रहे 5 साल के बालक का अपहरण करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया हैं। विद्याधर नगर थाना पुलिस ने घटना स्थल के आसपास के 200 सीसीटीवी कैमरों को खंगाल कर सोमवार को दोनों बदमाशों को पकड़ा दोनों बदमाशों के पास से पुलिस ने नाबालिग बच्चे को मुक्त करा कर उसे उसकी मां के हवाले किया। पुलिस ने रामौतार निवासी मण्डावरा-फागी और कालूराम निवासी आनंद लोक टाटियावास चौमूं को पकड़ा है दोनों आरोपी रिश्तेदार हैं।

डीसीपी (नोर्थ) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि दोनों बदमाश 20 अप्रैल को अम्बाबाड़ी में रहने वाले बालक का अपहरण कर ले गए थे। उस समय बालक के माता काम पर बाहर गई हुई थी। मामला दर्ज होने के बाद थानाधिकारी राकेश ख्यालिया के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने आस-पास लगे 200 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तब आरोपी रामौतार बालक को अपने साथ ले जाता हुआ नजर आया। रामोतार की पहचान नहीं हुई तो पुलिस ने अपहरण से पहले के फुटेज खंगाले। उनमें रामोतार के साथ कालूराम नजर आया। कालूराम को पकड़कर पूछताछ की गई। उसने बालक रामोतार के पास होना बताया। पुलिस टीम फागी में रहने वाले रामोतार के पास पहुंची। बालक उसके पास मिला। बालक को दस्तायब कर रामोतार को पकड़ लिया। रामोतार पूर्व में चोरी के आरोप में गिरफ्तार हो चुका है। इसके बाद वह गांव छोड़ कर जयपुर के आसपास घूमता रहता हैं। इधर, कालूराम से हुई पूछताछ में सामने आया कि बालक के अपहरण के बाद उस से भीख मंगवाने का प्लान था।

एडिशनल डीसीपी बजरंग सिंह ने बताया कि बालक के अपहरण बाद फागी में रामोतार उसे घर के पास चाय की थड़ी पर ले गया। वहां पर लोगों ने बालक के बारे में पूछा तो खुद का बेटा होना बताया। थड़ी पर बैठे लोगों को बालक की भाषा समझ में नहीं आई तो उसे मंदबुद्धि होना बताकर यहां से चला गया। आधा घंटे तक बालक रोया नहीं तो रामोतार उसे अपने साथ ले गया। आरोपी कालूराम चौमूं पुलिया और अम्बाबाड़ी स्थित सुलभ कॉम्पलेक्स में साफ-सफाई करता है। अम्बाबाड़ी वाले कॉम्पलेक्स के पास बालक रहता था। गत शनिवार को रामोतार कालूराम से मिलने अम्बाबाड़ी आया था। यहां उसने बालक को देखा तो भीख मंगवाने के लिए अपहरण की साजिश रच ली। अपहरण से पहले कालूराम चौमूं पुलिया जाकर बैठ गया। तभी रामोतार बालक को अपने साथ लेकर उसके पास पहुंच गया। यहां से दोनों अपने घर चले गए थे।

शराब दुकानों का लाइसेंस-रिन्यू करने के मामलें में सुनवाई पूरी

# आबकारी विभाग ने बिना मर्जी 3 माह के लिए रिन्यू कर दिया था लाइसेंस

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** आचार संहिता का हवाला देकर शराब की दुकानों का लाइसेंस तीन महीने के लिए रिन्यू करने के मामले में हाई कोर्ट ने सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया हैं। आबकारी विभाग के लाइसेंस रिन्यू करने के 13 मार्च के आदेश को शराब के लाइसेंसी दुकानदारों ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी।

जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को राहत देते हुए आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी थी। वहीं अब कोर्ट ने मामलें में फाइनल सुनवाई पूरी कर ली हैं। आबकारी विभाग के इस आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट की मुख्यपीठ जोधपुर और जयपुर में सैकड़ों याचिकाएं दायर हुई थी।

आदेश में आबकारी विभाग ने कहा था कि जिन शराब की दुकानों की वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बोली नहीं लगी हैं। उन सभी दुकानों का लाइसेंस अगले 3 माह के लिए रिन्यू किया जाता हैं।

### प्रदेश में 41 प्रतिशत दुकानों की नहीं हुई नीलामी



इस मामलें में सरकार ने हाई कोर्ट में जवाब पेश करते हुए कहा था कि प्रदेश में शराब की करीब 7 हजार 667 दुकानें है। इसमें से 41 प्रतिशत दुकानों की अगले वित्त वर्ष के लिए नीलामी नहीं हो सकी है। फिलहाल प्रदेश में आचार संहिता लागू है, ऐसे में फिर से दुकानों की नीलामी नहीं की जा सकती है।

इसको देखते हुए सरकार ने पुराने लाइसेंसी दुकानदारों का लाइसेंस तीन महीने के लिए रिन्यू किया है, क्योंकि ऐसा नहीं करने पर नए वित्त वर्ष में करीब 41 प्रतिशत दुकानें बंद हो जाएगी। इससे सरकार को राजस्व का तो नुकसान होगा ही। साथ ही गैर कानूनी और अनाधिकृत शराब की बिक्री बढ़ने की भी आशंका है। सरकार ने कहा कि लाइसेंसी सरकार के दिशा निर्देश मानने के लिए बाध्य हैं।

### याचिकाकर्ताओं का कहना-विभाग नहीं थोप सकता आदेश

हाई कोर्ट में याचिकाकर्ताओं का कहना था कि लाइसेंसी की मर्जी के बिना विभाग इस तरह से उन पर आदेश नहीं थोप सकता है। मामले से जुड़े वकील अचिंत्य कौशिक ने बताया कि विभाग ने इन दुकानों की 4 बार बोली लगवाई, लेकिन किसी ने भी दुकान नीलामी में नहीं ली। इसके बाद विभाग ने 13 मार्च को आचार संहिता का हवाला देकर आदेश निकाल दिया कि जिन दुकानों का लाइसेंस 31 मार्च 2024 को खत्म हो रहा है। उन दुकानों का लाइसेंस 3 महीने के लिए रिन्यू किया जाता है। इस बारे में दुकानदारों से किसी भी तरह की बातचीत नहीं की गई, जबकि याचिकाकर्ता दुकान को लाइसेंस अवधि के बाद चलाने के इच्छुक नहीं हैं।

# जयपुर के स्विमिंग पूल में डूबने से युवक की मौतः दोस्तों के साथ गया था नहाने, पानी में उतरने पर फिसल गया था पैर

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** स्विमिंग पूल में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। जो दोस्तों के साथ नहाने के लिए स्विमिंग पूल पर गया था। पानी में उतरकर नहाते समय पैर फिसलने से डूब गया। स्व्स हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मानसरोवर थाने में मृतक के चाचा ने लापरवाही से मौत का मामला दर्ज करवाया है।

एएसआई राजकुमार ने बताया- हादसे में कीरो की ढाणी मुहाना निवासी कमल (15) की मौत हो गई। वह मुहाना मंडी में फल-सब्जी



शॉप पर जॉब करता था। 18 अप्रैल को सुबह करीब 11 बजे कमल अपने दोस्त असलम, विकास व लक्की के साथ बाइक से पत्रकार कॉलोनी के पास स्क्र स्विमिंग पूल गया था। स्विमिंग पूल में नहाने के लिए कमल उतरा। पानी में उतरकर नहाते समय पैर फिसलने से डूब गया। कुछ देर बाद दोस्तों ने उसे पानी में डूबते देखकर शोर मचाया। पूल कर्मचारियों की मदद से दोस्तों ने कमल को स्विमिंग पूल से बाहर निकाला। बेहोशी की हालत में उसे धनवंतरी हॉस्पिटल में लेकर गए। हालत गंभीर होने पर उसे एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती करवाया दिया। 20 अप्रैल को इलाज के दौरान कमल की मौत हो गई। मृतक के चाचा रतन मेहरा ने स्विमिंग पूल कर्मचारियों के खिलाफ लापरवाही से मौत का मामला दर्ज करवाया है।

मंदिर श्री मुरली मनोहर जी में उत्तराधिकारी पट्टाभिषेक का आयोजन

## स्वामी नारायणाचार्य महाराज, स्वामी अवधेशाचार्य महाराज सहित साधु-संत रहे मौजूद



राजस्थान की राजनीति


**जयपुर।** रामानुज मार्ग, गंगापोल बाहर स्थित मंदिर श्री मुरली मनोहर जी (श्री वेंकटेश देवस्थान न्यास) मे स्वामी राघवेंद्राचार्य महाराज के तत्वावधान में रविवार को उत्तराधिकारी पट्टाभिषेक का आयोजन संत-महन्तों और गणमान्य लोगों की उपस्थिति में बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ।

इस आयोजन में श्री हरि देव मंदिर वृंदावन के स्वामी नारायणाचार्य महाराज, गलता पीठ के स्वामी अवधेशाचार्य महाराज, हाथोज धाम के स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज (विधायक), अलबेली शरण महाराज और पं.विष्णु दत्त शर्मा महामंत्री सर्व ब्राह्मण महासभा व अन्य पीठों से पधारे संत महंतों ने शैलेशाचार्य महाराज (छोटू महाराज) का पट्टाभिषेक करके चादर भेंट की और अपना आशीर्वाद प्रदान किया। स्वागत, भेंट, विदाई, संभावना देकर सभी संत-महन्तो का सत्कार किया गया। भगवान का तिरुमन्जन कर नई पोशाक धारण कराई और दिव्य श्रृंगार किया उसके पश्चात भंडारा प्रसादी कराई गई।

जयपुर में मिट्टी ढहने से 3 लोग दबे,एक की मौत

## घर के मालिक और ठेकेदार को कहा था दीवार की हालत खराब, फिर भी काम करवाया

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** जयपुर में निर्माणाधीन मकान की मिट्टी ढहने से तीन लोग दीवार के नीचे दब गए। इनमें से एक की मौत हो गई। वहीं, दोनों घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी मिल गई है। तीनों हौद की चिनाई के लिए गड्ढे में उतरे थे। घटना के बाद मृतक के भाई कैलाश बैरवा ने रविवार रात सांगानेर सदर थाने में मकान मालिक और ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। दोनों पर मना करने के बाद भी कार करवाने का आरोप लगाया। एएसआई कल्याण प्रसाद ने बताया- हादसे में निवाई (टोंक) के रहने वाले बनवारी लाल बैरवा (29) की मौत हो गई। वह गोकुल वाटिका सांगानेर में अपनी मां, पत्नी और दो बच्चों के साथ रहता था। किराए से रहकर बनवारी कारीगरी का काम करता था। एएसआई ने बताया- 20 अप्रैल को सुबह करीब 9 बजे बनवारी अपने दो साथी शिवकुमार और जीवराखन के साथ सीतापुरा स्थित निर्माणाधीन मकान की साइट पर गया था। सुबह करीब 10:30 बजे हौद की चिनाई करने के लिए तीनों गड्ढे में उतरे थे। चिनाई के दौरान अचानक मिट्टी ढहने से दीवार गिर गई। मलबे के नीचे तीनों दब गए। मौके पर मौजूद लोगों ने मलबा हटाकर तीनों को बाहर निकाला। तीनों को इलाज के लिए तुरंत महात्मा गांधी हॉस्पिटल भिजवाया। डॉक्टर्स ने बनवारी को मृत घोषित कर दिया, जबकि दोनों साथी शिवकुमार और जीवराखन को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी।

### लापरवाही के चलते हुए मौत

मृतक के चचेरे भाई कैलाश बैरवा ने सांगानेर सदर थाने में मकान मालिक और ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। कैलाश का कहना है- बनवारी ने हौद के पास सटी दीवार को जर्जर देखकर मकान मालिक व ठेकेदार को बताया था। उसके बाद भी मकान मालिक और ठेकेदार ने एक भी नहीं सुनी। तीनों को काम करने के लिए हौद के गड्?ढे में उतार दिया। कहा- तुम तो काम करो दीवार की जिम्मेदारी हमारी है। मकान मालिक और ठेकेदार की लापरवाही के चलते ही बनवारी की मौत हुई है। हादसे के बाद से मकान मालिक और ठेकेदार ने अपने-अपने मोबाइल नंबर स्विच ऑफ कर दिए है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक एवं संपादक रमाकांत गोस्वामी द्वारा महारानी प्रिन्टर्स, 17 मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर छपवाकर/मुद्रित कर, पीपलेश्वर मंदिर के पीछे, नला मौहल्ला,दौसा (राजस्थान)-303303 से प्रकाशित किया। संपादक: रमाकान्त गोस्वामी, कार्यकारी संपादक भूपेंद्र कुमार शर्मा, स्थानीय संपादक: संजय लाटा (अवैतनिक) आरएनआई नं. RAJHIN/2012/43137, ब्रांच ऑफिस: 18k3, पंकज सिंघवी मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर-302002, मो. नं. 7610866001, हैल्प लाईन नं.: 8946840063, ईमेल- tniawaz.news@gmail.com, Group of Sites- www.hpnews.in, www.right2action.in, www.jaipurtak.com, www.dharmjagran.com, www.hindustanpatrika.com, www.freedomathought.com, www.tniawaaz.in (* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तदायी), किसी भी वाद-विवाद से निपटने के लिए न्यायालय जयपुर मान्य होगा।